आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 27 सितंबर 2024 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-180 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 28 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

बृजमोहन अग्रवाल संसदीय समिति में शामिल

रायपुर,27 सितंबर। मंत्रालयों से जुड़ी संसद की स्थाई समितियों का गठन किया गया है. कमेटी में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को भी शामिल किया गया है। उन्हें शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, खेल कमेटी का सदस्य बनाया गया है। इस कमेटी के चेयरमैन दिग्विजय सिंह को बनाया गया है। सांसद राहुल गांधी को रक्षा मंत्रालय से जुड़ी स्थाई

समिति का सदस्य बनाया गया है. कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह को शिक्षा मंत्रालय जबकि चरणजीत सिंह चन्नी को कृषि मंत्रालय से जुड़ी स्थाई समिति का अध्यक्ष बनाया गया है. गृह मंत्रालय से जुड़ी स्थाई समिति का अध्यक्ष बीजेपी सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल जबकि कानून और कार्मिक मंत्रालय से जुड़ी समिति का अध्यक्ष बृजलाल को बनाया गया है । अनुराग ठाकुर को कोयला और खनन मंत्रालय जबकि निशिकांत दुबे को महत्वपूर्ण संचार और आईटी मंत्रालय से जुड़ी स्थाई समिति का अध्यक्ष बनाया गया है. टीएमसी और डीएमके के खाते में 2 -2 समितियों की अध्यक्षता गयी है जबकि जेडीयू और सपा के खाते में एक एक समिति की अध्यक्षता दी गई है. राहुल गांधी को रक्षा मंत्रालय से जुड़ी स्थाई समिति का सदस्य बनाया गया है, इस समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद राधा मोहन सिंह होंगे ।।

संदीप लकड़ा हत्याकांड में टीआई निलंबित

अंबिकापुर,27 सितंबर। छत्तीसगढ़ के सीतापुर में हुए संदीप लकड़ा हत्याकांड मामले में आईजी अंकित गर्ग ने कार्यवाही करते हुए निरीक्षक प्रदीप जॉन लकड़ा को निलंबित कर दिया है। 10 दिन पहले सीतापुर टीआई निरीक्षक प्रदीप जॉन लकड़ा को आईजी ने लाइन अटैच किया था। बता दें कि संदीप मर्डर केस में अब तक निरीक्षक सहित सब इंस्पेक्टर और एक आरक्षक के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही हो चुकी है। इसके साथ ही विभागीय जांच भी तेज हुई है। वहीं इस मामले में परिवार के साथ सर्व आदिवासी समाज धरने पर बैठा है। सीतापुर के जल जीवन मिशन योजना के तहत मैनपाट के लुरैना गांव में बनाए जा रहे फाउंडेशन के नीचे संदीप लकड़ा का शव मिला था। इस मामले में पुलिस ने ठेकेदार समेत 6 लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। उनमें 4 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इसी बात को लेकर आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने जमकर हंगामा किया था।

ग्रीनपार्क के बाहर विहिप ने बांग्लादेश का झंडा जलाया

कानपुर,27 सितंबर। भारत-बांग्लादेश के बीच कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम में खेले जा रहे टेस्ट मैच को लेकर विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने विरोध में जुलूस निकालकर बांग्लादेश का झंडा जला दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान विहिप कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हुई। पुलिस ने लाठियां चलाई तो कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम का नारा लगाया है। विरोध में सड़क पर बैठ कर हनुमान चालीसा करने लगे। सुबह ग्रीनपार्क में मैच शुरू होने के साथ विरोध शुरू हो गया। मूलगंज चौराहे से पदयात्रा करते हुए कार्यकर्ता जैसे ही परेड स्थित सद्भावना चौकी के सामने पहुंचे तो पुलिस ने रोका तो विहिप कार्यकर्ताओं और पुलिस में भिड़ंत हो गई। पुलिस ने लाठियां पटकनी शुरू की तो विहिप कार्यकर्ता जय-जय श्रीराम के नारे लगाते हुए वहीं धरने पर बैठ गए।

इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। सूचना पर डीसीपी अंकिता शर्मा मौके पर गई। बवाल हंगामा कर रहे विहिप कार्यकर्ताओं से बात की।

पुनर्वास योजना का लाभ लेने बन गये नकली नक्सली

आत्मसमर्पण करने बेरोजगार युवक पहुंचे थाना

बालोद,27 सितंबर

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में अनोखा मामला सामने आया है, जहां सरकार की पुनर्वास नीति योजना का लाभ लेने बेरोजगार युवक अपने आपको नक्सली बताकर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने पहुंच गया. पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है. दरअसल छत्तीसगढ़ सरकार हाथ में हथियार थामें नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने लोन वर्राटू अभियान चला रही है. इसके तहत नक्सली विचारधारा को छोड़ आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सरकार की ओर से सहायता राशि व अन्य सुविधाएं दी जा रही है. इन्हीं योजनाओं का लाभ पाने की मनसा लिए

बीजापुर जिले के रहने वाला बेरोजगार युवक बबलू उर्फ (मधु मोड़ियाम) अपने रिश्तेदार सुदेश उर्फ मनकू और मानपुर मोहला क्षेत्र के रहने वाले एक साथी ओमप्रकाश नेताम के साथ बालोद पहुंचा और पुलिस के समक्ष अपने आपको मानपुर मोहला कमेटी का नक्सली सदस्य बताकर कई नक्सली घटना में शामिल होने की बात कहते हुए आत्मसमर्पण करने की बात कही. बालोद एडिशनल एसपी अशोक कुमार जोशी ने बताया, बीजापुर के बबलू के साथ आए दो युवक उन्हें नक्सली साबित करने में लगे रहे. जब पुलिस मामले की छानबीन की तो पता चला कि बबलू उर्फ (मधु मोड़ियाम) की नक्सलियों से कोई संबंध नहीं है, बल्कि पुलिस को गुमराह कर पुनर्वास नीति योजना से मिलने वाली राशि व अन्य लाभ लेकर आपस में बांटने की योजना बनाकर नक्सली साबित करने पर तुला है. पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ 319(2), 6 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है.

एक अक्टूबर से बदल जाएंगे टेलीकॉम नियम

नई दिल्ली,27 सितंबर। एक अक्टूबर से टेलीकॉम कंपनियों Airtel, BSNL, Jio और Vi के लिए सर्विस क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए नया नियम लागू हो रहा है. ट्राई ने टेलिकॉम कंपनियों के लिए 4G और 5G नेटवर्क को सुधारने के लिए सख्त क्वालिटी नॉर्म्स बनाए हैं. इनका उल्लंघन करने पर कंपनियों पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है. इसके अलावा टेलीकॉम ऑपरेटर्स को फर्जी SMS और कॉल पर लगाम लगाने की सख्त हिदायत दी है. ट्राई का यह नियम 1 सितंबर से लागू होने वाला था. एक अक्टूबर से होने वाले बदलाव पर ध्यान दें तो कुछ खास बॉन्ड्स के ब्याज पर 10 प्रतिशत टीडीएस देना होगा. इसमें फ्लोटिंग रेट के बॉन्ड्स भी शामिल हैं. केंद्र सरकार की ओर से बजट में प्राविधान किया गया था. इसके तहत फ्यूचर्स एंड आप्शंस (एफएंडओ) की खरीद-बिक्री पर सिक्यूरिटीज ट्रांजेक्शन टैक्स (एसटीटी) दर भी बढ़ जाएगी. इसके तहत अब 0.1 प्रतिशत से बढ़कर 0.02 प्रतिशत हो गया. इसके अतिरिक्त, केंद्र व राज्य सरकार की ओर से जारी होने वाले खास बॉन्ड्स के ब्याज पर 10 प्रतिशत टीडीएस लागू होगा. इसमें कुछ फ्लोटिंग रेट के बॉन्ड्स भी शामिल है. अब तक यह टीडीएस के दायरे से बाहर था.

जनता को अन्याय का दें हिसाब: नितिन नबीन

रायपुर,27 सितंबर

कांग्रेस की न्याय पदयात्रा की आज बलौदाबाजार से शुरुआत हुई. पदयात्रा पर भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने तंज कसते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता के साथ अन्याय किया है, उसके लिए पछतावा होना चाहिए. इस यात्रा में उन्हें अन्याय का हिसाब देना चाहिए.

भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में एससी वर्ग के छात्रों को नग्न प्रदर्शन करना पड़ा, पीएससी के घोटाले में पूरी सरकार इंवॉल्व थी. लोग भूले नहीं है कि किस तरह से गरीबों को आवास से वांछित रखा गया, क्योंकि उनके चेहरे नहीं चमक रहे थे. पिछली सरकार शराब घोटाले में संलिप्त रही. उन्होंने कहा कि भगवान के नाम पर महादेव सट्टा एप बनाया, जिसमें तत्कालीन सरकार के मुखिया इंवॉल्व थे. पूरे छत्तीसगढ़ को करप्शन का बाजार बना रखा था. इसके अलावा वहीं झारखंड मुख्यमंत्री के करीबी पर दर्ज एफ़आईआर पर उन्होंने कहा कि गुरुजी शिष्य को समझाने गए थे. अब गुरुजी जेल के रास्ते में है, तो शिष्य भी जेल के रास्ते में जाएंगे.

भाजपा का महा अभियान , बैठक शुरू-भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता

अभियान से जुड़ी महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में जारी है. प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन सदस्यता की मौजूदगी में हो रही बैठक में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, सदस्यता अभियान के प्रभारी, सह प्रभारी, जिला अध्यक्ष समेत जिला प्रभारी मौजूद हैं. भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने मीडिया से चर्चा में बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश के सदस्यता अभियान का अवलोकन करने के बाद टारगेट को 10 लाख बढ़ाने कहा है. सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश में उत्साह दिख रहा है. प्रदेश प्रभारी ने बताया कि बैठक में इस लक्ष्य के आधार पर आकलन करेंगे. प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष और टीम के साथ बैठकर रणनीति बनाएंगे, जिससे 60 लाख के टारगेट को पूर्ण कर सके. नितिन नबीन ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय नेतृत्व को आश्वस्त किया है कि हम टारगेट को पार करेंगे. जो वादे पहले की सरकार ने 5 साल में पूरे नहीं किया, उसे हमने 8 महीने में पूरा किया है. इससे जनता के साथ हमारे कार्यकर्ताओं में उत्साह है.

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के कार्यों की समीक्षा

रायपुर, 27 सितंबर। राजस्व विभाग की योजनाओं और विभागीय गतिविधियों जानकारी ली। राजस्व विभाग द्वारा नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने डिजिटल नवाचारों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में राजस्व एवं खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, राजस्व विभाग के सचिव श्री अविनाश चंपावत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, श्री राहुल भगत, आयुक्त भू अभिलेख श्री रमेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में मौजूद खेल अधोसंरचनाओं की जानकारी ली। प्रदेश में खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने खेल सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा हुई।

प्रदेश कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा शुरू

रायपुर,27 सितंबर। छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराधों के खिलाफ आवाज उठाने हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा आज से शुरु हो गई है। यह यात्रा सत्य, अहिंसा और मानवता की अलख जगाने वाले महान संत बाबा गुरुघासी दास जी का आशीर्वाद लेकर और तपोभूमि गिरौदपुरी की माटी को प्रणाम कर की गई। यह यात्रा 2 अक्टूबर को रायपुर के ऐतिहासिक गाँधी मैदान में समाप्त होगी। छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा सिर्फ न्याय की मांग नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और समर्पण का प्रतीक है। यह ऐतिहासिक यात्रा छत्तीसगढ़ की जनता के हक की लड़ाई है, जिसमें भाजपा सरकार

की नाकामियों को जन जन तक पहुंचाया जाएगा। इस यात्रा में कुशासन, अपराध, अन्याय, दमन, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी। छत्तीसगढ़ मे बढ़ते अपराध और अपराधियों के बुलंद हौसले यें साफ दिखाती है की राज्य की बीजेपी साय सरकार छत्तीसगढ़ में अपराध मे अंकुश लगाने मे पूरी तरफ से विफल है प्रदेश कांग्रेस पिछले नौ महीने की भाजपा सरकार के कुशासन के विरुद्ध लगातार अपनी आवाज बुलंद कर रही है इसी कड़ी मे अब छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व मे न्याय यात्रा निकाल कर पूरे प्रदेश की जनता की आवाज को उठाने का काम कर रही है इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ,नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत , पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव , प्रमोद दुबे, सह प्रभारी संपत ,श्रीमती जरिता ,विजय जंगिड, विधायकगण, पूर्व विधायकगण, यूथ कांग्रेस,nsui, सेवादल सहित सभी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गण ,कार्यकर्ता गण शामिल रहें । इसके साथ ही यह अपील की गई कि गांधी जी की तरह सत्याग्रह के रास्ते पर चलते हुए गिरौदपुरी धाम से राजधानी रायपुर तक छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का हिस्सा बनें और जनता की आवाज सरकार तक पहुँचायें।

चीन की एक और बार कटी नाक

अमेरिका ने भी ले लिए मजे, कहा- PLA शेम-शेम

वाशिंगटन ,27 सितंबर। चीन की देश दुनिया में बड़ी बेइज्जती हुई है या फिर कहें कि शी जिनपिंग की नाक फिर से एक बार कट गई है। चीन की एक सबमरीन डूब गई है। यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस की तरफ से बताया गया है कि इस साल जून में चीन की एक न्यूक्लियर पावर अटैक सबमरीन डॉकयार्ड में ही डूब गई थी। ये खबर वॉल स्ट्रीट जर्नल पहले रिपोर्ट की और उसके बाद देखते ही देखते तमाम मीडिया प्लेटफॉर्म पर ये छा गई। मजेदार बात ये है कि इसके सैटेलाइट इमेज भी सामने आ गए जो साफ साफ ये इशारा करते हैं कि सच में एक सबमरीन डूबी है और उसे बचाने की कोशिश की जा रही है। ताइवान ने इसके बारे में जून-जुलाई के महीने में रिपोर्ट किया था कि चीन की एक और सबमरीन डूब गई है। ये एक न्यूक्लियर पावर अटैक सबमरीन बताई जा रही है। जो क्लास सबमरीन वुहान के शिपयार्ड में बन रही थी। यह घटना मई के अंत या जून की शुरुआत में वुहान के पास एक शिपयार्ड में हुई थी और सरकार ने इस घटना को छिपाने के लिए बहुत कुछ किया है। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ये बीजिंग के लिए एक शर्मिंदगी की बात है। अपनी सैन्य क्षमताओं का विस्तार करना चाहता है। चीन के पास पहले से ही 370 से अधिक जहाजों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना है और उसने परमाणु संचालित हमलावर पनडुब्बियों की एक नई पीढ़ी का उत्पादन शुरू कर लिया है। अगर पीएलए नेवी की अटैक सबमरीन की बात की जाए तो उनके पास इस वक्त अलग अलग क्लास में सबमरीन मौजूद हैं। पहली टाइप 91 जिसमें 5 सबमरीन बनाई गई थी और दो रिटायर की जा चुकी है। दूसरा टाइप 93 जिसमें छह सबमरीन बनाई जा चुकी हैं। दो इस समय कंट्रक्शन में है। यानी की

पीएलए नेवी के मेन स्ट्रीम की बात की जए तो ये टाइप 93 हैं। लेकिन ये सारी की सारी सबमरीन बोहाई शिपयार्ड में बनाई जाती है। बोहाई शिपयार्ड डीन शी फैसलिटी है, जहां पर काफी पहले से न्यूक्लियर पावर फैसिलिटी बनाई जा रही है। उसके उलट वूचांग शिपयार्ड जहां पर कहा जा रहा है कि इस सबमरीन का एक्सीडेंट हुआ है, ये वुहान में है और चीन के मेनलैंड के अंदर है। गौरतलब है कि ये कोई पहली दफा नहीं है। अगस्त 2022 में जिनपिंग कजाकिस्तान में थे। येलो शी के ऊपर एक सबमरीन की ट्रायल चल रही थी। एंटी सबमरीन ट्रैप के अंदर इनकी अपनी ही सबमरीन फंस गई थी। नाइट्रोजन से रिप्रेशराइज किया गया और इसके अंदर 55 नाविकों की मौत हो गई।

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सदस्यता अभियान की रफ्तार से राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा खुश

रायपुर,27 सितंबर। छत्तीसगढ़ में भाजपा का सदस्यता अभियान शानदार चल रहा है। भाजपा ने इस बार छत्तीसगढ़ में 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा था। जिसमें से आधे से ज्यादा का लक्ष्य भाजपा ने हासिल कर लिया है। आज राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने प्रदेश कार्यालय में सदस्यता अभियान की समीक्षा की। सदस्यतान अभिया की रफ्तार से गदगद नड्डा ने छत्तीसगढ़ में भाजपा की सदस्यता अभियान का लक्ष्य 10 लाख और बढ़ा दिया है। नड्डा ने इस दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समुचे राष्ट्र से संगठन के महापर्व में जुड़ने का अपील कर रहे हैं। यह महापर्व हम सब के लिए सदैव अविस्मरणीय हो। हम सबको प्रधानमंत्री जी के इस सूत्र वाक्य को अंतिम व्यक्ति तक ले जाने की जरूरत है। दिल से, दल से, जुड़े कमल से। पूरे देश के साथ छत्तीसगढ़ में भाजपा के सदस्य बनने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हम अपने लक्ष्यों को पूर्ण कर लेंगे। हमें पूर्ण विश्वास है इस दिशा में पार्टी कार्यकर्ता जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में संख्याबल जरूरी है लेकिन वैचारिक बल के आधार पर कार्य कर रहे हैं जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन,प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ,उपमुख्यमंत्री अरुण साव,विजय शर्मा ,सदस्यता अभियान राष्ट्रीय प्रभारी विजया राहटकर,प्रदेश प्रभारी अनुराग सिंहदेव सहित मंत्री, सांसद, विधायक, जिलापंचायत अध्यक्ष, महापौर, सहित प्रदेश सदस्यता अभियान टोली, प्रदेश महामंत्री, संभाग प्रभारी, सहप्रभारी मौजूद थे।

सरकार घबराई हुई है, प्रधानमंत्री परेशान हैं: जयराम

नई दिल्ली,27 सितंबर। कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधने का कोई भी मौका नहीं छोड़ती। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश लगातार मोदी पर हमलावर रहते हैं। इसी बीच एक बार फिर से जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है। भाजपा सांसद कंगना रनौत के बयान के बहाने रमेश ने कहा कि भाजपा ने चुनाव के दौरान %400 पार% और संविधान बदलने की बात की। हमारे गैर-जैविक पीएम चुप रहते हैं और दूसरों से बयान दिलवाते हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि तीन काले कानूनों को वापस लाने की मांग बीजेपी की ओर से हर दिन आती है।

जागो हिंदुओं जागो का आह्वान करने से कुछ नहीं होगा

धर्मांतरण तभी रुकेगा जब इसके खिलाफ सख्त कानून बनेगा: धनखड़

नई दिल्ली,27 सितंबर। देश में तेजी से चल रहे धर्मांतरण के खेल और कई राज्यों की डेमोग्राफी बदल जाने को लेकर जताई जा रही देशव्यापी चिंता के बीच भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि देश में सुनियोजित तरीके से धर्मांतरण हो रहा है जो हमारे मूल्यों और संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत है। देखा जाये तो धर्मांतरण और घुसपैठ के कारण भारत के 9 राज्यों, 200 जिलों तथा 1500 तहसीलों की डेमोग्राफी बदल चुकी है। इसी बात को रेखांकित करते हुए धनखड़ ने कहा कि 'शुगर कोटेड फिलॉसफी' बेची जा रही है और समाज के कमजोर वर्गों को निशाना बनाया जा रहा है। उपराष्ट्रपति ने जयपुर में हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेला 2024 में उद्घाटन भाषण में कहा कि यह बहुत खतरनाक है और धर्मांतरण ''नीतिगत, संस्थागत और सुनियोजित साजिश'' के तहत हो रहा है। धनखड़ ने कहा कि 'शुगर कोटेड फिलॉसफी' बेची जा रही है। आदिवासियों सहित समाज के कमजोर वर्गों को निशाना बनाया जा रहा है और उन्हें प्रलोभन दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा, ''हम धर्म परिवर्तन देख रहे हैं और यह हमारे मूल्यों और संवैधानिक

सिद्धांतों के विपरीत है। ऐसी भयावह ताकतों को बेअसर करने की तत्काल आवश्यकता है। हमें सतर्क रहना चाहिए और तेजी से कार्य करना चाहिए। आप कल्पना नहीं कर सकते कि वर्तमान में भारत को खंडित करने में सक्रिय लोगों की सीमा कितनी है।'' हम आपको बता दें कि देश की कई अदालतों ने भी देश में धर्मांतरण के बढ़ते मामलों पर गंभीर टिप्पणियां की हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हाल ही में धर्मांतरण के एक आरोपी की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि यद्यपि संविधान प्रत्येक व्यक्ति को अपना धर्म मानने और उसका प्रचार करने का अधिकार देता है, लेकिन यह धर्म परिवर्तन कराने के सामूहिक अधिकार में तब्दील नहीं होता। यहां सवाल उठता है कि अदालतों की बार-बार की कड़ी टिप्पणियों के बावजूद देश में धर्मांतरण विरोधी सख्त कानून क्यों नहीं बनाया जा रहा है? बार-बार सिर्फ यही क्यों कह दिया जाता है कि हिंदू समाज को जागृत होना होगा। बार-बार जागो हिंदू जागो का आह्वान कर दिया जाता है। सवाल उठता है कि सरकार, मंत्री, सांसद और विधायक क्यों नहीं जागते? सवाल उठता है कि धर्मांतरण विरोधी कानून हिंदुओं को जगाकर बनाना है या सरकार को संसद और विधानसभा में चर्चा कर बनाना है? जहां तक धनखड़ के विस्तृत संबोधन की बात है तो आपको बता दें कि उन्होंने परोक्ष रूप से कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि जो लोग सनातन धर्म में विश्वास नहीं करते और इसे संकट मानते हैं, वे ''मूर्खता के प्रतीक'' हैं। धनखड़ ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, ''मैं इस बात से चिंतित हूं कि कुछ लोगों को देश और विदेश में उन लोगों के साथ बैठने का साहस कहां से मिलता है जो राष्ट्र के हित में नहीं हैं।'' उन्होंने कहा, ''जो लोग इस राष्ट्र को तोड़ना चाहते हैं, जो सनातन को नहीं मानते और जो सनातन को संकट मानते हैं, वे मूर्खता की पराकाष्ठा हैं...।'' उन्होंने कहा कि यह चुप रहने का समय नहीं है ''यह सदी भारत की है, यह सदी सनातन धर्म की भूमि की है।'' धनखड़ ने यह भी कहा कि संविधान की प्रस्तावना सनातन धर्म का सार दर्शाती है। उन्होंने कहा, हमारे संवैधानिक मूल्य सनातन धर्म से निकले हैं। संविधान की प्रस्तावना सनातन धर्म का सार दर्शाती है। सनातन समावेशी है! सनातन ही मानवता को आगे बढ़ाने का एकमात्र रास्ता है।'' उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि हमारे सामने कुछ ऐसे मुद्दे हैं जो चुनौतीपूर्ण हैं, जिनका समाधान विश्व को भारत ही दे सकता है। धनखड़ ने कहा कि आज भी हिंदू समाज में सेवा का भाव प्रबल रूप से विद्यमान है। जब देश में कोविड का संकट आया, हमने देखा कि यह भाव कितना प्रबल रहा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आक्रमणकारी आए, विदेशी ताकतें आईं, उनका शासन रहा फिर भी हमारे सेवा संस्कार में कोई कमी नहीं रही। लोग इस पथ पर चलते रहे।

कांग्रेस जहां सत्ता में आती है, लोगों की जमीन अपने रिश्तेदारों के नाम करवाती है: भाजपा

नई दिल्ली,27 सितंबर। कर्नाटक में मुडा विवाद के बीच भाजपा ने कांग्रेस पर तगड़ा प्रहार किया है। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस के बारे में कहा जाता है कि कांग्रेस जमीन से जुड़ी हुई पार्टी है, जहां-जहां कांग्रेस सत्ता में आती है, वहां गरीब, दलित, SC-ST-OBC समाज के लोगों की जमीन अपने रिश्तेदारों के नाम करवाती है। उन्होंने आगे कहा कि नेशनल हेराल्ड, हरियाणा में दामाद और कर्नाटक में बीवी इन सभी को लाभार्थी बनाती है, इसलिए ये जमीन से जुड़ी हुई पार्टी कहलाती है। भाजपा नेता ने कहा कि सत्ता में आकर लूटना कांग्रेस का काम है। कर्नाटक में करोड़ों रुपये के MUDA घोटाले का खुलासा होने के बाद कांग्रेस ने वही किया जो कोई सर्टिफाइड लुटेरा करेगा। खुद को कानून के हाथों से बचाने के लिए उन्होंने सीबीआई की सामान्य सहमति वापस ले ली।

एक नजर

युवती ने बात नहीं की तो चाकू मार दिया

भिलाई, 27 सितंबर। भिलाई पुलगांव थाना अंतर्गत 22 वर्षीय युवती से बात नहीं करने पर पेट में चाकू से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है पुलिस ने बताया कि घटना नगपुरा-बोरई रोड पर सांई मंदिर के पास की है युवती एक फैशन हाउस में काम करती है 24 सितंबर की शाम करीब साढ़े 6 बजे वह घर लौट रही थी तभी आरोपी खोमन निषाद वहां आया उससे युवती की पहले से जान पहचान थी युवती से आरोपी बात करने की कोशिश करने लगा हाथ भी पकड़ लिया युवती ने बात करने से इंकार कर दिया तो आरोपी ने धारदार हथियार से पेट पर वार कर दिया और भाग खड़े हुआ मामले में पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है पुलिस लोगों से पूछताछ कर क्लू की तलाश में जुटी हुई है ।

चार पहिया वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

भिलाई, 27 सितंबर। भिलाई नेवई थाना अंतर्गत डीपीएस रिसाली के पास अज्ञात चार पहिया वाहन की चपेट में आने से आशीष नगर रिसाली निवासी एक 73 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक का नाम इंद्रसिंह टूटेजा बताया गया है घटना करीब साढ़े 3 महीने पुरानी है नेवई पुलिस ने इस मामले में अब जाकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि घटना 8 जून की सुबह करीब 9.55 बजे की है मृतक इंद्रसिंह अपनी सीजी 07 एवाई 2648 मोपेड से सेक्टर-9 हॉस्पिटल से लौट रहा था। वह अपने घर जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने घटना स्थल पर उसे अपनी चपेट में ले लिया घटना के बाद आरोपी चालक मौका देख फरार हो गया ।

स्टूडेंट और स्टाफ गाड़ी से कालेज आते - जाते समय हेलमेट अवश्य पहनें

कवर्धा, 27 सितंबर। पी जी कालेज के प्राचार्य ने यातायात सुरक्षा के सवाल पर वी एस चौहान प्राचार्य ने कहा की स्टूडेंट्स और सभी स्टाफ जब कालेज आते है तो हेलमेट पहनकर अवश्य आए और बच्चो के माता पिता बच्चो को चाभी के साथ साथ हेलमेट भी दे क्योंकि हेलमेट हमारी सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है । कालेज में हेलमेट पहनने वाले भी दिखे और कई स्टूडेंट बिना हेलमेट के भी दिखे ।

सामूहिक श्रमदान कर कर्मचारियों ने की बंधवा तालाब की सफाई

भिलाई-03। नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा कमिश्नर डी एस राजपूत के निर्देश पर बृहस्पतिवार को निगम कर्मियों द्वारा सामूहिक श्रमदान करते हुए बंधवा तालाब भिलाई-03 की सफाई की गयी। इस कार्य में निगम स्वास्थ्य सफाई विभाग की पूरी टीम के अलावा निगम के अन्य सभी विभागीय कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हुए। सुबह 7.30 बजे से ही सबने मिलकर तालाब में पड़ी लकडी-कचरा एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थ निकालकर तालाब के पानी को कचरा मुक्त करने कार्य किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि तालाब हमारे आसपास के वातावरण में बहुत अहम है और इसका हमारे दैनिक जीवन से सीधे सरोकार है। वर्षा के जल को संचय करने का तालाब सबसे अच्छा साधन है। ऐसे में तालाबों का संरक्षण करना बेहद आवश्यक है। इसके अलावा यह और भी महत्वपूर्ण है कि हम इस प्रकार की जागरूकता को समाज में प्रसारित करें कि कहीं भी कोई भी तालाबों में अनुपयोगी सामग्री ना डालें। जिससे तालाबों के जल को दूषित होने से बचाया जा सके।

कवर्धा। केंद्र के समान महंगाई भत्ता (देय तिथि) को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के सभी विभागों के स्टाफ और अधिकारियों ने किया एक दिवसीय हड़ताल । शिक्षक फॉडरेशन के जिलाध्यक्ष प्रमोद शुक्ला ने उक्त जानकारी दी । अधिकतर विभागो में हड़ताल का दिखा असर और एक दुक्के स्टाफ कार्यालय में दिखे ।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के बैगा तथा आदिवासी बच्चों के साथ किया भोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,27 सितंबर। कबीरधाम जिले के नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा ने क्षेत्र भ्रमण की शुरूआत आज जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा तथा आदिवासी बाहूल्य बोड़ला विकासखण्ड के सुदूर तथा दुर्गम वनांचल क्षेत्र मुड़घुसरी मैदान से औचक निरीक्षण कर की। उन्होंने ग्राम मुड़घुसरी में संचालित आंगनबाड़ी, आदिवासी कन्या आश्रम का औचक निरीक्षण किया और बच्चों से बड़े ही आत्मीयता से बातचीत की। कलेक्टर श्री वर्मा ने कन्या आश्रम में पढ़ाई कर रहे बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर एक साथ मध्यान्ह भोजन कर भोजन गुणवत्ता की जांच की। आदिवासी तथा बैगा बच्चों ने भोजन से पहले मंत्र का उच्चारण करने हुए भोजन की शुरूआत की। बच्चों के साथ कलेक्टर ने भी अन्नपूर्णा माता की स्तुति करते हुए मंत्रउच्चारण किया।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने भोजन के बाद कन्या आश्रम का निरीक्षण किया। बच्चों के लिए उपलब्ध बेड, चादर, स्वच्छ पानी की व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की पूरी जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से चर्चा करते हुए उनके पाठ्यक्रम के बारे में पूरी जानकारी ली। कलेक्टर ने शिक्षकों से चर्चा करते हुए बच्चों के सर्वांगीण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के शारीरिक और बौद्धिक विकास के लिए शिक्षकों को उनके पाठ्यक्रम के साथ-साथ जिले और प्रदेश के प्रमुख पर्यटन, पुरातात्विक धरोहर, सांस्कृतिक विरासत, तथा प्रमुख महोत्सवों से बारे में जानकारी देने के लिए कहा, ताकि बच्चों का सामान्य ज्ञान बढ़े और उनका रूझान पढाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उनके मानसिक विकास हो। बच्चों को नियमित व्यायाम, खेलकूद और सही आहार की आदतें अपनानी चाहिए। इसके साथ ही, शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि वे समग्र रूप से विकसित हो सकें।कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान आदिवासी कन्या आश्रम में अध्यनरत बच्चों से चर्चा करते हुए खुब पढ़ाई करने और गांव, जिला, अपने प्रदेश और अपने-अपने माता-पिता का नाम रौशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। चर्चा के दौरान आदिवासी'-बैगा बच्चों ने पुलिस, डाक्टर, शिक्षक, और कलेक्टर बनने की इच्छा जाहिर की। कलेक्टर ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हमे एक कामयाब होने के लिए अपने स्वस्थ अच्छा रखना होगा। हमे ऐसे पदार्थों का सेवन नहीं करना है,जो हमारे शारीरिक तथा मानसिक विकास के लिए गतिरोधक और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो।

अधिकतर महिलाओं-छात्राओं की राय, शराब बिक्री बंद हो

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 27 सितंबर। कबीरधाम जिले में अपराध की विभिन्न घटनाओं के कारण लोग शराब पीने की ज्यादा आदत को दवी जुबान से मान रहे है । अच्छे पढ़े लिखे नेता हो या मजदूर या किसान की बिना नाम के शर्त पर उन्होंने कहा की शराब बिक्री बंद हो जाना चाहिए । बस में कालेज जाते समय कालेज में पढ़ने वाली छात्राएं की भी सोच है की शराब से परिवार में झगड़े होते है और पापा बच्चो की ध्यान भी नही देते है इसलिए शराब बिक्री बंद होना चाहिए । बस सफर में महिला ने भी कहा की पति को कैसे समझाए की शराब मत पीजिए वो झगड़ा करेंगे इसलिए मौन रहते है । जिला रामकृष्ण साहू ने कहा की बिहार में शराब बंदी होने के बाद भी विकास दिख रहा है तो छत्तीसगढ़ में भी शराब बिक्री बंद होना चाहिए जिससे की परिवार में झगड़े कम होंगे और अपराध भी कम होंगे । जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा की नशा मुक्ति अभियान के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है और गांवो और शहरो में भी समाज के अच्छे लोगो को नशा मुक्ति अभियान में आगे आना चाहिए और मेरी विनम्र अपील है की नशा से दूर रहे । जिला भाजपा महामंत्री संतोष पटेल ने कहा की नशा बहुत खराब होता है लोगो को शराब नही पीना चाहिए और मेरी विनम्र अपील है की लोग शराब से दूर रहे और नशा मुक्ति अभियान के प्रति जनप्रतिनिधि और अच्छे लोग नशा मुक्ति अभियान के प्रति जागरूक करे । स्टेडियम में भी पुलिस और आर्मी का सपना देखने वाले छात्र छात्राओं ने कहा की शराब बिकना बिल्कुल बंद होना चाहिए ।

मोर बूथ-मोर अभियान अंतर्गत सांसद पंहुचे पाटन के ग्राम पतोरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 27 सितंबर। जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय की 108 वीं जयंती के अवसर पर सदस्यता अभियान को गति देने मोर बूथ मोर अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के सांसद विजय बघेल, उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर, भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, विधायक गजेंद्र यादव सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बूथों पर जाकर सदस्यता अभियान को गति प्रदान की। सांसद विजय बघेल ने पाटन के ग्राम पतोरा ख के बूथ क्रमांक 106 में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता आमजनों को ग्रहण कराई, इस दौरान उनके साथ मंडल भाजपा अध्यक्ष खेमलाल साहू थे। इस अवसर पर विजय बघेल ने कहा कि 25 सितम्बर को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रत्येक बूथ पर हमें 100 सदस्य बनाने थे जिसके तहत आज हमने नए सदस्य बनाए। भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने वार्ड क्रमांक 4 के बूथ नंबर 95 में जाकर लोगों को सदस्यता दिलाते हुए भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को आत्मसात करने की अपील की 7 सदस्यता ग्रहण करने के दौरान गोविंद देवांगन, ममता देवांगन, नवीन साहू उपस्थित रहे 7 विधायक ललित चंद्राकर ने ग्राम बोरई के निवासियों को सदस्यता ग्रहण करवाई, इस दौरान स्थानीय कार्यकर्ता ओमेश्वर राजू यादव, शिवकुमार निर्मलकर उपस्थित रहे। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा मोर बूथ मोर अभियान कार्यक्रम के तहत आज हम सभी बूथों पर जाकर सदस्यता ग्रहण करा रहे हैं। विधायक गजेंद्र यादव दुर्ग के बूथ नंबर 158 में सदस्यता अभियान के लिए घर घर पंहुचे, इस अवसर पर उनके साथ बूथ अध्यक्ष स्नेहलता राजपूत, अनिकेत यादव, गुलाब वर्मा उपस्थित रहे। सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी एवं उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये वार्ड क्रमांक 51 में, भाजपा जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक वार्ड क्रमांक 41 बूथ नंबर 157 में, किसान नेता प्रितपाल बेलचंदन ने ग्राम भोथली के बूथ नंबर 148 में, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी वार्ड नंबर 43 बूथ नंबर 167 में, पूर्व महापौर एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर वार्ड क्रमांक 60 बूथ नंबर 41 में, सदस्यता अभियान टोली की सदस्य उषा टावरी ने वार्ड क्रमांक 55 बूथ नंबर 186 में, सदस्यता अभियान के सदस्य रविशंकर सिंह अहिवारा नगर के बूथ नंबर 15 में, सदस्यता अभियान के टोली सदस्य एवं जिला मंत्री रोहित साहू, वार्ड क्रमांक 3 ग्राम उतई बूथ नंबर 164 में, डॉ. मानसी गुलाटी ने वार्ड क्रमांक 13 के बूथ नंबर 69 में, कांतिलाल बोथरा ने वार्ड क्रमांक 38 नंबर 147 में सम्मिलित हुए।

सेल आगे बने रहने का प्रयास रखेगा जारी : अमरेंदु

भिलाई, 27 सितंबर। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने नई दिल्ली स्थित कंपनी के मुख्यालय में अपनी 52वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन किया। सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित बैठक में शेयरधारकों को संबोधित किया।

प्रकाश ने कहा, पिछले वित्त वर्ष के प्रदर्शन को देखते हुए और आने वाला समय, यह मेरे इस विश्वास को और मज़बूत करता है कि एक संगठन के रूप में हम नंबर वन यानी अपने उद्योग में सर्वश्रेष्ठ बनने की आकांक्षा रख सकते हैं।

शिवसेना ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 27 सितंबर। छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला दुर्ग इकाई द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दुर्गा पंडालों में दर्शन के लिए लेने वाले शुल्क को माफ करने की मांग की । छत्तीसगढ़ शिवसेना दुर्ग जिला उपाध्यक्ष योगेश कानेकर ने बताया कि दुर्ग भिलाई के बड़े बड़े दुर्गा एवं गणेश पंडालों में दर्शन करने आने वाले सामान्य भक्तों से 40 से 50 रुपए व वी आई पी पास वाले भक्तों से 100 से लेकर 150 तक शुल्क लिया जाता है। जो कि हिंदुओ के आस्था के प्रति खिलवाड़ है। ऐसे पंडाल भक्ति के नाम पर बिजनेस करने लग गए है। जिसका छत्तीसगढ़ शिवसेना पुर्ण रूप से विरोध करता है 7 इसी के सदर्भ में कलेक्टर मेंम को ज्ञापन सौपकर नवरात्रि में निःशुल्क मूर्ति दर्शन किए जाने तथा वी आई पी पास पर प्रतिबंध लगाने की मांग किया गया ।तथा गरबा नृत्य के आड़ में अशलील गाने बजाए जाने पर भी प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवराम केसरवानी, सम्राट सिंह जिला अध्यक्ष ,योगेश कानेकर जिला उपाध्यक्ष मुन्ना चौधरी, नारायण यादव, मनीष यादव, संतोष पहलवान, दुष्यंत आदि शिवसैनिक कार्यकर्ता शामिल उपस्थित रहे।

भिलाई क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास का किया जायेगा आबंटन

भिलाई, 27 सितंबर। प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानो का आबंटन हितग्राहियों को निरंतर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एएचपी) किफायती आवास मोर मकान-मोर आस घटक के मकानों का निर्माण किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के आवासहीन हितग्राहियों को आवास योजना के मकानों का आबंटन किया जा रहा है। जिससे नागरिकों को रहने के लिए स्वयं का घर मिल सके। नगर निगम भिलाई द्वारा भिलाई शहर के अलग-अलग जगहों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों का निर्माण किया गया है। जिसका आबंटन हितग्राहियों को मकान का निर्माण पूर्ण होने पर किया जाता है। शासन के दिशा निर्देश अनुसार हितग्राहियों से निर्धारित फार्म का वितरण एवं जमा लिया जाता है। साथ ही संबंधित क्षेत्र के मकान के लिए 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा कराई जाती है। दस्तावेज सत्यापन के बाद पात्र हितग्राहियों को लॉटरी पद्धति से मकान का आबंटन कर दिया जाता है।

बीएसपी ने अवैध कब्जे वाले आवासों का किया निरीक्षण

भिलाई, 27 सितंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग (एनफोर्समेंट) तथा नेवई पुलिस थाना के टीआई आनंद शुक्ला के साथ पुलिस विभाग द्वारा रिसाली तथा मरोदा सेक्टर में बीएसपी क्वाटर के अवैध कब्जों का निरीक्षण किया गया। वैधानिक कार्यवाही के दौरान 3 दलालों और अवैध कब्जाधारियों की पहचान की गई है। अवैध कब्जाधारियों को आगे की कार्यवाही के लिए थाना बुलाया गया है। दलालों द्वारा छात्रों, अपराधियों, आमजनों आदि से पैसे लेकर यह अवैध कब्जों वाले कमरे किराये में चलाये जाते हैं।

चिकित्सा शिविरों से आमजन हो रहे लाभान्वित

भिलाई, 27 सितंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में 25 सितंबर को ग्राम मचांदुर में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ निशि मिंज, शुगर एवं बीपी परीक्षण के लिए फिरोजा जोसफ, फार्मासिस्ट ए जी गौर तथा पंजीयन कर्ता मंजूर अली तथा विभाग की ओर से माहरा राम मंडावी उपस्थित थे।

मालगाड़ी पर पत्थरबाजी से लोको पायलट घायल, आरपीएफ ने आरोपी को दबोचा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 27 सितंबर। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट द्वारा 25 सितम्बर को मालगाड़ी संख्या डीबीसी 235 के लोकों पायलट को कुसुमकासा एडवांस स्टार्टर के पास पत्थर लगने के संबंध में सुरक्षा नियंत्रण कक्ष रायपुर से सुचना मिलने के पश्चात घटनास्थल क़रीब 60 किमी दूर होने से त्वरित कार्यवाही करते हुए दुर्ग पोस्ट प्रभारी एस के सिन्हा ने आरपीएफ़ दल्ली राजहरा के पोस्ट प्रभारी एवम् दल्लीराज़हरा थाना प्रभारी को तुरंत स्टाफ भेजने हेतु अनुरोध किया। जिन्होंने आरपीएफ प्रधान आरक्षक जे एल कौशल तथा दल्ली राजहरा थाना के स्टाफ को घटना स्थल पर भेजा। दुर्ग पोस्ट प्रभारी एस के सिन्हा भी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुँचे। वहाँ मौजूद आरपीएफ स्टाफ के द्वारा अपचारी बालक 13 वर्ष व उसके पिताजी को घटना स्थल पर रोक कर रखा गया था। कुसुमकसा स्टेशन के ऑन ड्यूटी पॉइंट्स मैन घटनास्थल पर मौजूद थे उनसे पूछताछ करने पर बताया कि उसने उस बालक को पत्थर लेकर आते देखा था। इस संबंध में उनका बयान दर्ज किया गया एवं आरोपी अपचारी बालक उम्र 13 वर्ष पिता कुशल जोगी पेशा- घूम घूम कर जीवन यापन करना का बयान दर्ज किया गया। जिसमें उसने खेल खेल में मालगाड़ी पर पत्थर फेंकना स्वीकार किया। उक्त घटना के संबंध में दल्ली राजहरा पहुंच कर मालगाड़ी के चालक का बयान लिया गया। जिसने बताया कि लाइन क्लियर होने के कारण गाड़ी थ्रू जा रही थी, घटनास्थल के दोनों तरफ़ ऊँचा टीला था, चोट लगने के बाद वे बालोद पहुँचे तथा डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के पश्चात उन्हें हॉस्पिटल से बिना टाका लगाये दवा देकर छोड़ दिया गया। उक्त के संबंध मे रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट दुर्ग में पोस्ट केस नंबर 2770/24 दिनांक 25/9/2024 धारा 153 रेल अधिनियम पंजीबद्ध किया गया एवं अपचारी बालक को बाल न्यायालय, पुलगांव, दुर्ग में प्रस्तुत किया ।

वैगनों के सुरक्षित संचालन पर सेल स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

भिलाई, 27 सितंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 23 से 25 सितंबर तक वैगनों की सुरक्षित हैंडलिंग पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उद्घाटन कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने किया, जिनके मार्गदर्शन और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता ने कार्यक्रम की दिशा तय की। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण पहल में अपना सहयोग दिया। कोंकण रेलवे के विशेषज्ञ प्रशिक्षक सूर्य शेखर मुख्य वक्ता थे।

अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन सम्पन्न

भिलाई, 27 सितंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर में अखिल भारतीय हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। नई दिल्ली से अंतर्राष्ट्रीय हास्य-व्यंग्य कवि अरुण जैमिनी व प्रख्यात हास्य-व्यंग्य कवि चिराग जैन तथा भिलाई नगर के गीतकार किशोर तिवारी, ने अपने हास्य-व्यंग्य व संवेदी कविताओं की छठा बिखेरकर इस्पात बिरादरी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

पीएम स्वनिधि योजना में हितग्राहियों को करें पूर्ण सहयोग:कमिश्नर

भिलाई-03। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी से समय सीमा की बैठक में प्राप्त निर्देशानुसार पी.एम. स्वनिधि योजना का लक्ष्य पूर्ण करने भिलाई-चरौदा निगम द्वारा कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम कार्यालय में इस विषय पर बुधवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के प्रमुख बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कमिश्नर डी एस राजपूत द्वारा बैक के प्रतिनिधियों से अपनी बात रखते हुए कहा कि भारत सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण पी. एम. स्वनिधी योजना में आप सभी बैंक हितग्राहियों को पूर्ण सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें । उल्लेखनीय है कि लघु व्यापार करने वाले तथा कम पूंजी वाले स्ट्रीट वेंडर्स को 10 हजार से लेकर 50 हजार रुपये का लोन देकर उनके कार्य-व्यापार को आर्थिक संबल प्रदान करना ही पी.एम.स्वनिधी योजना का उद्देश्य है। ऐसे में जिन शहरी पथ विक्रेताओं को निगम द्वारा चिन्हित कर प्रमाणित किया जाता है। उन्हे संबंधित क्षेत्र के बैंक शाखाओं द्वारा योजना से लाभान्वित किया जाना है। भिलाई-चरौदा निगम में पी.एम. स्वनिधी योजना का कार्य संपादित करने वाले मिशन प्रबंधक आदित्य भटनागर के अलावा यूनियन बैंक भिलाई-03 से अखिलेश कुमार नेताम, भारतीय स्टेट बैंक भिलाई-03 से सतीश कुमार कश्यप, भारतीय स्टेट बैंक चरौदा से सुमित कुमार सिंह, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया भिलाई-03 से राजेश कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा भिलाई-03 से उमाशंकर बैठक में मौजूद रहे।

निगम भिलाई में महिला उत्पीड़न पर आयोजित की गई कार्यशाला

भिलाई, 27 सितंबर। नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार में महिला उत्पीड़न की कार्यशाला आयोजित की गई। निगम भिलाई से सुश्री दिप्ती साहू की अध्यक्षता में परियोजना कार्यालय भिलाई की परियोजना अधिकारी श्रीमती रचयिता नायडू, महिला एवं बाल विकास जिला दुर्ग की अधिकारी श्रीमती प्रीति बाला, अधिवक्ता उमा साहू की उपस्थिति में कार्यशाला आयोजित की गई। उपस्थित पदाधिकारियो द्वारा महिलाओ की सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई एवं उन्हे बताया गया कि किस प्रकार से अपनी शिकायतो का निराकरण किया जा सकता है। नगर निगम भिलाई में शासन के निर्देशानुसार महिला उत्पीड़न की समस्या के रोकथाम हेतु गठित समिति बनाया गया है। कार्यशाला में महिलाओ को उनके साथ कार्य स्थल पर होने वाले दुर्व्यवहार और शोषण के विरूद्व आवाज उठाने के बारे में बताया गया।

नड्डा ने रायपुर के नालंदा लाइब्रेरी में युवाओं से किया संवाद

रायपुर, 27 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा रायपुर प्रवास के दौरान आज शाम मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री श्री ओ. पी. चौधरी के साथ नालंदा परिसर पहुंचे। उन्होंने वहां लाइब्रेरी में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से संवाद किया। श्री नड्डा ने यूपीएससी, सीजीपीएससी सहित अन्य भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के लिए नालंदा लाइब्रेरी में अध्ययन की हाईटेक सुविधा, बैठक व्यवस्था एवं सकारात्मक वातावरण की तारीफ की। केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने रायपुर में नालंदा परिसर को उसके नाम के अनुरूप स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री श्री ओ.पी. चौधरी की सराहना की। श्री नड्डा ने नालंदा लाइब्रेरी से आरएफआईडी के माध्यम से पुस्तक इश्यू होने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने युवाओं से संवाद करते हुए उनके द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली। नालंदा लाइब्रेरी से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर विभिन्न पदों पर चयनित युवाओं ने केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा से संवाद किया और कहा कि यह लाइब्रेरी

युवाओं के अध्ययन के लिए चौबीसों घंटे खुली रहती है। यहां पढ़ाई का बेहतर वातावरण एवं इंटरनेट की सुविधा भी उपलब्ध है। केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने सभी युवाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नालंदा लाइब्रेरी युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए बड़ी मददगार साबित होगी। छत्तीसगढ़ में युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आईटी को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय के प्रयासों को सराहा और कहा कि इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा राज्य के 22 शहरों में नालंदा परिसर रायपुर के तर्ज पर ही सर्वसुविधा युक्त लाइब्रेरी की स्थापना को अच्छी पहल बताया और कहा कि इससे राज्य के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने में मदद मिलेगी। वित्तमंत्री श्री ओ.पी चौधरी ने केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा को नालंदा लाइब्रेरी के बारे में जानकारी देते हुए बताया यहां एक हजार युवा एक साथ बैठकर अध्ययन कर सकते है। लाइब्रेरी में 200 एमबीपीएस इंटरनेट की सुविधा है और अध्ययनरत छात्रों के मांग के अनुसार पुस्तकें उपलब्ध कराई जाती है और आरएफआईडी के माध्यम से पुस्तकें इश्यू करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर विधायक श्री किरण देव, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी श्री संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर

मोती तालाब में चला स्वच्छता अभियान

राजनांदगांव ,27 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। स्वच्छता ही सेवा के लिये 10 दिनों से निगम सीमाक्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर अपने स्वभाव में स्वच्छता लाने अपील की जा रही है। स्वच्छता अभियान में गलियों, सडको की सफाई के अलावा सार्वजनिक स्थलों जैसे मंदिर, उद्यान,

मुक्तिधाम, तालाब तथा चौक चौराहो की सफाई कर स्वच्छता से जुडने व श्रमदान करने जागरूकता लायी जा रही है। अभियान में हर वर्ग के लोग जुडकर सहभागी बन स्वच्छता अपनाने शपथ ले रहे है। आज का स्वच्छता अभियान मोती तालाब में चलाया गया, जहॉ साई हास्टल के खिलाडी एवं तुलसी स्व सहायता समूह व भावना स्व सहायता समूह की महिलाये श्रमदान कर हाथ में झाडू और रापा लेकर मोती तालाब के किनारे कटिली झाडिया काटकर, झिल्ली पन्नी उठाकर साफ सफाई किये। उन्होंने आस पास के निवासियों से अपील किये कि तालाब में कचरा न डाले, उसके आस पास साफ सफाई रखे क्योकि तालाब निस्तारी का प्रमुख साधन है, उन्होंने स्वच्छता अभियान में सहभागी बन शहर को साफ सुथरा रखने में सहयोग करने कहा। आज के स्वच्छता अभियान में निगम के अधिकारी कर्मचारी, स्वच्छता दीदी सफाई कर्मी उपस्थित थे।

आत्महत्या के लिये उकसाने वाले दंपती को किया गया गिरफ्तार

राजनांदगांव ,27 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। प्रार्थी दिनांक 17.09.2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया की उसका छोटा भाई शोभित कुमार ढीमर निवासी अटल आवास पेंड्री जो अकेला रहता था अपने घर के कमरे पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है जिस पर थाना लालबाग मे मर्ग कायम कर जांच मे लिया गया था मामला

गंभीर प्रकृति का होने से कायमी की सुचना जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराया गया एवं श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में घटना स्थल का बारीकी से FSL टीम के सहयोग से निरीक्षण किया गया पड़ोसियों एवम् गवाहो के बयान से पता चला कि दिनांक 13.09.2024 की शाम शोभित कुमार ढीमर पर उसका पड़ोसी मीनाक्षी सोनकर उर्फ मीनु और उसका पति ईश्वर सोनकर उसके उपर बुरी नियत से गलत ईशारा करता था का आरोप लगाकर गाली गलौच देते हुए मारपीट कर एवं जान से मारने की धमकी दिया मारपीट से मृतक के शरीर पर चोटे आई थी उक्त घटना से दुखी एवं व्यथित होकर शोभित कुमार ढीमर ने दिनांक 15.09.2024 के रात्रि से दिनांक 17.09.2024 के मध्य अपने घर पर फांसी लगाकर आत्हत्या कर लिया था।

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 28 सितम्बर को ग्राम बरगा में

राजनांदगांव ,27 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में 28 सितम्बर 2024 को सुबह 10 बजे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सीआर पाटिल द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, सांसद श्री संतोष पाण्डेय, विधायक डोंगरगांव श्री दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी श्री भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी, सभापति जिला पंचायत श्री अशोक देवांगन, समाज सेवी श्री रमेश पटेल, सरपंच बरगा श्री कुमार सोनवानी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व शिलान्यास तथा विभिन्न हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया जाएगा।

प्रभात बने स्वर्ण विजेता

■ **स्वर्ण विजेता खिलाड़ी का विद्यालय में किया गया स्वागत**

मोहला,27 सितंबर। जिला मुख्यालय मोहला में स्थित सेजेस हिंदी माध्यम मोहला के छात्र ने परचम लहराया है,सेजेस विद्यालय के छात्र प्रभात कुमार ने अपना बैहतर प्रदर्शन दिखाया है, छात्र प्रभात कुमार ने 24वी राज्य स्तरीय शालेय एथेलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 बालक 19 वर्ष आयु वर्ग के 4*400 मीटर रीलें रेस में स्वर्ण पदक हासिल किया है। सेजेस मोहला के छात्र प्रभात कुमार पिता सेवा राम कक्षा 12वीं कला संकाय का छात्र है। जिसने 21 सितम्बर को बिलासपुर में राज्यस्तरीय

प्रतियोगिता में ट्रिपल जम्प में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता है। और दूसरा स्वर्ण पदक भी हासिल किया । शाला के सभी शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने खिलाड़ी छात्र प्रभात कुमार पिता सेवा राम का 26सितम्बर को सेजेस विद्यालय मोहला में भव्य स्वागत किया है। प्रतिभावान छात्र के लिए शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय स्तर पर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा किया गया था जिसके तहत सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में खिलाड़ी छात्र का सम्मान एवं उनके पालक का सम्मान किया गया है जिसके तहत विद्यालय स्तर पर होने वाले विभिन्न शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा भेंट उपहार खिलाड़ी छात्र को दिए गए हैं। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद खन्ना द्वारा मिली जानकारी में बताया गया कि राज्य स्तरीय खेल में स्वर्ण पदक जीतने के उपरांत नेशनल के लिए छात्र का चयन हुआ है यह खेल झारखंड के रांची शहर में खेला जाएगा इसके लिए विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अन्य सहपाठियों के द्वारा शुभकामनाएं भी दी गई है। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी गई है साथ ही साथ छात्र से प्रेरणा लेते हुए अन्य छात्रों को भी अपना बेहतर प्रदर्शन दिखाने हेतु प्रेरित किया गया है।

छात्र प्रभात कुमार ने अपने पिता सेवाराम को बताया अपना प्रेरणा स्त्रोत- सेवाराम भी अपने समय में एक अच्छे खिलाड़ी रहे हैं लेकिन मौका नहा मिलने के कारण से उनका खेल का सपना सपना ही रह गया था अपने अनुभव को अपने पुत्र में देखते हुए उन्होंने उनका मार्गदर्शन किया और छात्र प्रभात कुमार

बचपन से ही पिता के मार्गदर्शन का अनुसरण करते हुए आज दो स्वर्णन जीतने की बात छात्र ने बताई। जिसमें बताया कि पिता के द्वारा समय-समय पर मार्गदर्शन एवं शिक्षक शिक्षिकाओं व पीटीआई के सहयोग से स्वर्ण जीतने में उन्हें सहायता प्राप्त हुई है।

तीन अक्टूबर से नवरात्र,सिहावा शीतला शक्तिपीठ में जलेंगे आस्था के दीप

नगरी,27 सितंबर , 27 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

शारदीय नवरात्रि गुरुवार 03 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है शीतला शक्ति पीठ सिहावा व्यापक तैयारी में जुटा हुआ है मन्दिर का रंग रोगन, साफ सफाई की जा रही है,।प्रकाश व साउंड व्यवस्था ,पूजा सामग्री, प्रचार प्रसार ,भोजन प्रसादी आदि के लिये समिति के सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौपे गए है।समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया कि शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ गुरुवार 03 अक्टूबर से हो रहा है। सुबह 11.36 बजे से घट स्थापना परम्परागत रूप से की जायेगी,मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करने के लिये पुजारी ज्ञान सागर पटेल,डॉआर एन पचौरी, निकेश बुक डिपो,किशोर भट्ट,के के परिहार,रामा राव बघेल,बलदेव निषाद,सपना बुक डिपो,नारायण प्रसाद पाठक,राजीव कम्प्यूटर, सुरेश विश्वकर्मा,हेमलाल साहू के पास रसीद कटा कर पंजीयन कराया जा रहा है। समिति द्वारा अंतिम तीन दिवस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएँगे। नवरात्रि के तीसरे दिवस से अष्टमी तक रोजाना भण्डारा प्रसादी श्रद्धालुओं को भोजन दाताओ के करकमलों से प्राप्त होगा।जिसमे तृतीय दिवस प्रथम सोना मगर, छिपली पारा, देऊर पारा के ग्रामीणों द्वारा भोजन

प्रसादी का वितरण होगा। तृतीय दिवस द्वितीय स्वर्गीय कीर्ति नाग की स्मृति में हेम नाथ नाग,मनीष,सत्यभामा नाग प्रेम नगर द्वारा,चतुर्थ दिवस अमित रण सिंह धमतरी, पंचमी के दिन गोलू मालू , सचिन भंसाली व साथियो के द्वारा भोजन प्रसादी वितरण किया जाएगा।इसी तरह छठवे दिन ग्राम भीतर रास,गढ़िया पारा, भेजरी रावण,मांझी पारा के ग्रामीणों द्वारा,सप्तमी को अमित,अतुल,कल्पनाथ पाण्डे सिहावा द्वारा व अष्टमी को गोल्डी चोपड़ा बेलर द्वारा भोजन प्रसादी का वितरण श्रद्धालुओं को किया जाएगा। नवरात्रि की तैयारी में प्रमुख संचालक विधायक अम्बिका मरकाम,कलम सिंह पवार, महासचिव नेम सिंह बिशेन,सह सचिव नरेंद्र नाग,नारद निषाद,बुधेस्वर साहू,कोशाध्यक्ष गेंद लाल यादव,आचार्य चन्द्रहास दुबे, ठाकुर देव समिति के विजय पटेल,अंजोर निषाद,मंगाउ राम मरकाम,सोप सिंह,हरिक लाल नायक,आनंद राम,रामप्रसाद मरकाम सहित राजेश यदु, मंच संचालक तुकाराम साहू,गोरख शांडिल्य,गेंद लाल शाण्डिल्य ,पुजारी ज्ञान सागर पटेल, परमेश्वर नेताम,बलदेव निषाद,राजकुमार निषाद,छबि ठाकुर,रवि ठाकुर, संजय सारथीं,रामलाल नेताम,उत्तम साहू ,प्रवीण गुप्ता,सचिन भंसाली,गगन नाहटा,भरत निर्मलकर,महेंद्र कौशल, कुँवर साहू,मंशा राम साहू,जग्गू साहू,, नरेश पटेल ,महेश साहू,लाल जी साहू,लोकेश पवार,संतोष पवार,ललित निर्मलकर,सुभाष यादव,महेंद्र साहू ,अभय नेताम ,ध्रुव शाण्डिल्य, खिरभान शाण्डिल्य,नवल साहू,दिनेश पटेल,दीनदयाल नागरची,बैजनाथ पटेल,जग्गू साहू,बाल सिंह शोरी, तुलसी कुंजाम,सुंदरियां साहू,चरणबति नेताम आदि जुटे हुए है।

राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 28 से

डोंगरगढ़। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ द्वारा 28 सितंबर से 30 सितंबर तक रेलवे फुटबॉल मैदान डोंगरगढ़ में आयोजित की जा रही है उक्त प्रतियोगिता में राज्य से 10 जिलों की टीम शिरकत करेंगी। प्रतियोगिता में रायपुर सेक्टर, सरगुजा, राजनांदगांव, बलोदा बाजार, बस्तर जांजगीर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़ एवं दुर्ग सेक्टर की टीम भाग ले रही है। क्रीड़ा अधिकारी डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता की समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

फरसियां में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

जिला स्तर के शिविर में जिले के अधिकारी रहे नदारद

नगरी,27 सितंबर , 27 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

राज्य शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए जिले के वनांचल नगरी के ग्राम पंचायत फरसियां में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला स्तर के अधिकारी नदारद रहे इससे पता चलता है कि जन समस्या निवारण शिविर के लिए आधिकारी कितना गंभीर है ? ऐसा लगता है कि यह शिविर फारमेल्टी निभाने मजबूरी वश किया गया है,

जिला स्तरीय शिविर में जिले के विभागीय अधिकारियों के नहीं पहुंचने से जिला प्रशासन पर सवाल उठाए जा रहे है, इसके बाद भी शिविर में 321 आवेदन मिले इसमें से 228 का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा 89 आवेदनों के निराकरण के लिए समय सीमा दी गई। इनमें सर्वाधिक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 220 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 168 आवेदनों का निराकरण किया गया। इसी तरह राजस्व विभाग को मिले 38 में से 33 आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल में किया गया। शिविर में विद्युत विभाग को 10, पशु चिकित्सा विभाग को 9, महिला एवं बाल विकास विभाग और जल संसाधन विभाग को 5-5, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं वन विभाग को 4-4, आदिवासी विकास विभाग, शिक्षा विभाग, खाद्य, नगर पंचायत नगरी को 3-3 आवेदन प्राप्त हुए। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर ग्रामीणों की समस्या,मांग एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनका निराकरण किया। इसके साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। शिविर में स्वास्थ्य और आयुर्वेद विभाग द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयां वितरित की गईं। इस अवसर पर शिविर में पशु चिकित्सा विभाग सूकर पालन संबंधी आवेदन सहित बैल जोड़ी मांग संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। वहीं क्रेडा विभाग को सोलर लाईट की मांग संबंधी आवेदन मिले। खेल विभाग द्वारा कुश्ती में कैरियर बनाने, फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी सहित अन्य खेलों की जानकारी दी गई। कृषि विभाग द्वारा फसल चक्र परिवर्तन करने, फसलों की पैदावार और जैविक खेती के संबंध में बारिकी से बताया गया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम,अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, एसडीएम पवन कुमार प्रेमी,एसडीओपी आरके मिश्रा, जनपद सीईओ विमल कुमार साहू, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सोमेंद्र साहू, विकास विस्तार अधिकारी एन.के बागडे,आर.एस नेताम, पंचायत निरीक्षक आनंद साहू, तहसीलदार नगरी सचिव ग्राम पंचायत फरसियां भरोस कुमार साहू समस्त विभागीय अधिकारीगण,मीना देवी ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत फरसियां शिव प्रसाद साहू उप सरपंच नरेंद्री ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत बोडरा,महेंद्र नेताम सरपंच ग्राम पंचायत मुनईकेरा उपस्थित रहे।

बच्चा अब 5 साल का हो गया है, अब स्कूल भेजना जरूरी : पुरन्दर मिश्रा

रायपुर,27 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

मासिक पत्रिका खबरीलाल न्यूज़ एंड एनालिसिस के स्थापना के 5 वें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य पर मुख्य अतिथि की आसंदी से रायपुर उत्तर के विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि ÷बच्चा अब 5 साल का हो गया है, अब स्कूल भेजना जरूरी हो गया है÷। आगे अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि समर्पण बहुत जरूरी है, उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा जब कोई नदी में डूबता है तो उसके हाथ ऊपर होता है नीचे नहीं, वह इसलिए कि कोई उसका हाथ पकड़कर उसे बचा ले। हमे प्रत्येक को भगवान जगन्नाथ, प्रभु श्रीराम के प्रति समर्पण कर देना चाहिए, जो होगा प्रभु देखेंगे। उन्होंने आगे यह भी कहा कि दिया से हमे सीखना चाहिए ÷देना÷। वह कभी लेता नहीं है वह अंधेरे में रोशनी देता है, वह जिस स्थान में होता है उसे सुंदरता प्रदान करता है, गर्मी देता है व आदि। इस विशेष अवसर में सुश्री नूपुर साहू व टीम के द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य - कर्मा नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात परिचर्चा- पत्रकारिता में महिलाएं से शुरू हुई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में आइएनएच न्यूज़ चैनल के समाचार संपादक सोनल भारद्वाज, करंट न्यूज़ की सम्पादक रेणु तिवारी नंदी और दैनिक भारतीय प्रवक्ता की स्थानीय संपादक वंदना पटले विशेष रूप से उपस्थित थी और इस परिचर्चा में महिला पत्रकारों के साथ जर्नलिज्म के विद्यार्थीगण भी परिचर्चा में भाग लिए। इस विशेष अवसर पर छग पीईटी में टॉप करने पर वेदांत कुमार साहा, अशोक कुमार अग्रवाल एवं मनोज शुक्ला को शॉल, श्रीफल और मोमेंटो से सम्मानित किया गया साथ ही अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पत्रकार सुधीर तंबोली, शेख आबिद के साथ विजय मिश्र %अमित% को छग कला और संस्कृति में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। खबरीलाल न्यूज़ एंड एनालिसिस प्रत्येक वर्ष छग कला वीथिका सम्मान प्रदाय करते आ रहा है जिसे इस बार छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार नूपुर साहू को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय मिश्रा

'अमित' ने किया तथा इस कार्यक्रम में जेएसपीएल की जनसम्पर्क अधिकारी पूनम कक्कड़, सपन साहा, वर्षा यादव, चित्रा पटेल, खुशी ठाकरे, अर्चना, ललित यादव, शनि देव, विजय आनंद शर्मा व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पुलिस की सख्ती पर पलीता लगा रहा आबकारी विभाग

डोंगरगढ़,27 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

पुलिस डाल डाल चल रही है तो अवैध शराब कोचिया व जुआरी पात पात की कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं तो दूसरी ओर आबकारी विभाग कुंभकर्ण की नींद में सोया हुआ साफ दिखाई पड़ रहा है। ज्ञात हो कि थाना प्रभारी के द्वारा शराब के अवैध कारोबार करने वाले के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। इसके बाद भी बड़े मगरमच्छ कहलाने वाले अवैध शराब कारोबारी पुलिस की नजर से भूमिगत हो अवैध शराब के कारोबार को अंदर ही अंदर धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है। पुलिस की सख्ती के कारण नगर के अंदर सरेआम धर्मनगरी में अवैध रूप से बियर बार चलाने वाले अपनी दुकानदारी जरूर बंद कर दिये है परंतु सूत्र बताते है कि नाबालिक युथ को सामने कर मदिरा प्रेमियों के घर घर शराब पहुँचाई जा रही है तो दूसरी तरफ छोटे छोटे अवैध शराब कोचियाओ के द्वारा नाबालिको

का ग्रुप बनाकर शासकीय दुकान में पहुँचकर अलग अलग स्थानों से चार- चार पौव्वा की खरीदारी कर शाम ढलते ही मदिरा प्रेमियों को ऊँचे दर पर शराब मुहैय्या करवाई जा रही है। जिस प्रकार से देशी मदिरा की आपूर्ति की जा रही है वह आबकारी विभाग के अधिकारियों की पोल खोल के रख दिया है। पुलिस की भरपूर प्रयास के बाद भी यह अवैध कारोबार लगातार जारी है। बताया जाता है कि थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा के द्वारा सख्त आदेश दिए गए है कि इस अवैध कारोबार में जो लिप्त होगा उसे बख्शा नहीं जायेगा और इसको लेकर थाना प्रभारी संदिग्ध स्थानों पर अपनी उपस्थिति में पेट्रोलिग तक की जा रही है इसके बाद भी मुरमुंदा, राका, बधियाटोला, भीमनगर, कालका पारा, राजीव नगर, जेल रोड, रविदास नगर, कंडरापारा, बस स्टैंड, कश्मीरी पारा, ठेकेवार पारा, हाई स्कूल चौक, खंडूपारा, रेलवे चौक, बुधवारी पारा, दंतेश्वरी पारा, इंदिरा नगर, अछोलि, लेडीजोब, करवारी, बछेराभांठा, चौथना, खरकाटोला, बरनाराकला सहित ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अवैध शराब से लेकर गांजा, सट्टापट्टी, जुआ, नशीली गोलियों सहित सिलोशन, सफेदा, कफ सिरफ सहित मादक पदार्थ की आपूर्ति धड़ल्ले से की जा रही है। इस अवैध कारोबार पर पुलिस की सख्ती तो नजर आ रही है परंतु आबकारी विभाग के आलाधिकारी कुंभकर्ण की नींद में सोये हुए है जिससे आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर कई प्रकार के सवाल खड़े होने लगे है। सूत्रों की माने तो बताया जाता है कि कई अवैध मादक पदार्थ का अवैध कारोबार आबकारी विभाग के संरक्षण में फल फूल रहा है जो जनचर्चा का विषय बन गया है। जनचर्चा तो यहाँ तक है कि आबकारी विभाग अवैध कारोबारियों से मोटी रकम लेकर इस अवैध कारोबार को अमलीजामा पहनाती है और अपनी पीठ थपथपाने के लिए अवैध कारोबारी के ऊपर कार्यवाही करने के नौकरो के नाम पर माह में एक-एक केस बनाकर अपनी वाहवाही लूटते रहती है जो प्रदेश सरकार के मुखिया के लिए जाँच का विषय बनता जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने दी दबिश

श्री प्रसाद इलाइची दाना निर्माण में मिली गड़बड़ी

राजनांदगांव 27 सितम्बर। प्रमुख धार्मिक स्थल के प्रसाद में मिलावट की खबर के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के सभी धार्मिक स्थलों पर चढ़ाए जाने वाले प्रसाद की सख्त जांच शुरू हो गई है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम राका स्थित एक पोल्ट्री फार्म के साथ लगी हुई बिल्डिंग में दबिश दी गई। इस बिल्डिंग में मजहर खान द्वारा श्री प्रसाद नाम से इलायची दाना पैक किया जा रहा था। जांच के दौरान पैकेट पर पैकेजिंग, लेबलिंग, निर्माण की तारीख, निर्माता का नाम और पता जैसी आवश्यक जानकारी का उल्लेख नहीं किया गया था, जो प्रथम दृष्टया खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री डोमेन्द्र ध्रुव ने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि इलाईची दाना का पैकिंग बिना किसी मानक प्रक्रिया के किया जा रहा था। पैकिंग की जा रही सामग्री श्री प्रसाद इलाईची दाना को गुणवत्ता जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है एवं अनुमानित कीमत लगभग बीस हजार रूपए मूल्य की थी। श्री प्रसाद इलाइची दाना को जब्त कर संचालक के अभिरक्षा में रखा गया है और आगे की जांच जारी है। फिलहाल निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है। जांच में यह भी पता चला है कि इस इलाईची दाना का कारोबार संबंधित के परिवार द्वारा पूर्व से ही किया जा रहा था। आशंका के आधार पर गुणवत्ता जांच सहित कार्रवाई नियमानुसार आगे भी जारी रहेगी।

संपादकीय

एक और ऐतिहासिक उपलब्धि खिलाड़ियों की

देश के खिलाड़ी देश का गौरव होते हैं, जब वह विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में भारत का नाम ऊंचा करते हैं, मेडल जीतते हैं, गोल्ड मेडल जीतते हैं, पुरुष व महिला दोनों वर्ग में गोल्ड मेडल जीतते हैं तो यह ऐतिहासिक उपलब्धि होती है। वह तब और भी गर्व करने वाली हो जाती है जब पता चलता है कि यह काम भारत के खिलाड़ियों ने 100 साल में पहली बार किया है। यह ऐतिहासिक काम किया है कि इस बार शतरंज के खिलाड़ियों ने। हंगरी में 45 वें चेस ओलिंपियाड में भारत के पुरुष व महिला खिलाडियों ने अपराजेय रहकर यह गौरव का क्षण देश के लोगों को दिया है।चेस ओलिंपियाड जीतना किसी भी देश के लिए उतनी ही बड़ी उपलब्धि होती जितनी बड़ी उपलब्धि विश्व कप जीतना होता है। शतरंज के खिलाड़ियों ने पुरुष व महिला दोनों विश्वकप जीतने जैसा काम किया है। लेकिन इस उपलब्धि जितनी चर्चा और तारीफ होनी थी, उतनी नहीं हुई। इन खिलाड़ियों का भी हीरो की तरह स्वागत होना था लेकिन ऐसा कहीं देखने, सुनने व पढ़ने को नहीं मिला। इस देश में क्रिकेट को लेकर जैसा जुनून है, उनकी जीत को लेकर जैसा जश्न मनाया जाता है, वैसा जश्न दूसरी कोई प्रतियोगिता जीतकर आने पर देश नहीं मनाता है तो इसकी वजह यह है कि मीडिया क्रिकेट को ज्यादा कवरेज देता है, उनके खिलाड़ियों के बारे में ज्यादा खबरे दिखाता है। कपिल देव,सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, रोहित शर्मा के बारे में लोग सब जानते हैं। लेकिन दूसरे खेलों के हीरो के बारे में मीडिया ज्यादा दिखाता बताता नहीं है कि उन लोगों ने कितना बड़ा ईनाम जीता है। उन लोगों ने एक गोल्ड मेडल जीतने के लिए कितनी मेहनत की है। ऐसा कभी नहीं हुआ है कि क्रिकेट के खिलाड़ियों ने एक ही समय में पुरुष विश्व कप व महिला विश्व कप जीता हो। शतरंज के खिलाड़ियों ने यह कारनामा किया है तो इसके लिए उनकी जी खोल कर तारीफ की ही जानी चाहिए। इसके लिए विश्वनाथ आनंद को भी श्रेय दिया जाना चाहिए। किसी देश में जब कपिल देव, सुनील गावस्कर पैदा होते हैं तो वह पूरी खिलाड़ियों की एक पीढ़ी को प्रभावित व प्रेरित करते हैं। वह नहीं होते तो सचिन, विराट भी नहीं होते। खिलाड़ियों की एक पीढी दूसरी पीढ़ी तैयार करती है। दूसरी पीढ़ी तीसरी पीढ़ी तैयार करती है और सिलसिला चल निकलता है। क्रिकेट में तो हम यह देख रहे हैं कि भारत के पास विश्वस्तरीय बल्लेबाज व बालर हैं लेकिन दूसरे खेलों में हमारे पास अभी ऐसे खिलाड़ी देखने को नहीं मिलते थे लेकिन 2014 के बाद भारत ने खेलों की दुनिया में अपनी एक पहचान बनाई अब दुनिया में माना जाता है कि भारत भी कोई विश्वकप जीत सकता है, ओलिंपिक में मेडल जीत सकता है, पैरालिंपिक में कई गोल्ड जीत सकता है। हमारे खिलाडियों ने कुछ महीनों में पहले ओलिंपिक में अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास किया, लेकिन वह कोई गोल्ड मेडल नहीं जीत सका। पैरालिंपिक में देश के खिलाड़ियों और अच्छा प्रदर्शन किया और रिकार्ड गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही अब तक के सबसे ज्यादा मेडल भी जीता और साबित किया कि भारत मे खेल प्रतिभा की कमी नहीं है। उनको मौका देने व तराशने की जरूरत है। पीएम मोदी की इस बात के लिए आम लोगों सहित सभी खिलाड़ी सराहना करते हैं कि उनके समय खिलाड़ियों को जितना प्रोत्साहन मिला कभी नही मिला। वह खिलाडियों को खेलने जाते वक्त जितना प्रोत्साहित करते हैं, जीत या हार कर लौटने पर उतना ही प्रोत्साहित करते हैं। उनके लिए विश्व कप जीतने वाले क्रिकेट खिलाड़ी हो, औलिंपिक व पैरालिपिक खिलाड़ी हो या शतरंज ओलिपियाड में दो गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी हो, उनके लिए सब समान है, वह सभी का बराबर सम्मान करते हैं। आज खिलाडी इस बात से ज्यादा खुश होते हैं कि देश लोग उनसे जो उम्मीद करते हैं, वह उसे पूरा करने में सफल हो रहे हैं।पीएम सहित देश उनका पूरा सम्मान इस बात के लिए करता है। खिलाड़ी को जितना सम्मान मिलता है,वह उतना ही सफल होता है, यह बात लोगों का याद रखनी चाहिए।

पर्यटन दिवस

ललित गर्ग

पर्यटन से पनपती है शांति एवं मुस्कान की संभावनाएं

विश्व पर्यटन दिवस दुनियाभर में पर्यटन के महत्व और इसके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभाव को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। हर साल 27 सितंबर को आयोजित होने वाला यह दिन अंतरराष्ट्रीय एकता, शांति, सौहार्द और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने में पर्यटन की शक्ति की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित करता है। इस दिवस की 2024 की थीम है ह्यपर्यटन और शांति।ह्न दुनिया में शांति एवं अयुद्ध को बढ़ावा देने में पर्यटन की भूमिका महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह अंतर-सांस्कृतिक बातचीत को प्रोत्साहित करता है। लोग जितना अधिक यात्रा करते हैं, उतना ही वे विविध संस्कृतियों का अनुभव करते हैं, जिससे अधिक सहिष्णुता और समझ विकसित होती है, एक दूसरे के नजदीक आने का अवसर मिलता है। इससे शांति, अमन एवं सौहार्द का वातावरण निर्मित होता है। पर्यटन बाधाओं को तोड़ सकता है और राष्ट्रों के बीच स्थायी बंधन बना सकता है। यह रोजगार प्रदान करके और स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देकर स्थानीय समुदायों को ऊपर उठाने में भी मदद करता है, इस प्रकार क्षेत्रों की दीर्घकालिक शांति और समृद्धि में योगदान देता है।

पर्यटन न केवल एक आर्थिक चालक है, बल्कि एक अधिक समावेशी और शांतिपूर्ण दुनिया बनाने का एक साधन भी है। पर्यटन क्षेत्र वैश्विक अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देता है और लाखों नौकरियाँ प्रदान करता है। यह स्थानीय व्यवसायों का समर्थन करता है और सामुदायिक बुनियादी ढाँचे में निवेश को प्रोत्साहित करता है। पर्यटन लोगों को अपनी संस्कृतियों, परंपराओं और ज्ञान को साझा करने का अवसर देता है। यह आदान-प्रदान सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और विविध समुदायों के बीच सम्मान, सौहार्द, सद्भावना और समझ को बढ़ावा देने में मदद करता है। संधारणीय पर्यटन प्रथाएँ यात्रियों को पर्यावरण की रक्षा करने और जिम्मेदारी से यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। इससे पारिस्थितिकी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलती है और हमारे ग्रह की बेहतर देखभाल को बढ़ावा मिलता है। पर्यटन से स्थानीय क्षेत्रों में बेहतर सुविधाएँ और सेवाएँ मिल सकती हैं, जिससे आगंतुकों और निवासियों दोनों को लाभ होगा। यह विकास स्थानीय समुदायों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा सकता है।

भारत में पर्यटन उद्योग ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई है। पर्यटन क्षेत्र द्वारा 2024 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 21.15 ट्रिलियन रुपये (लगभग 253 बिलियन डॉलर) जोड़ने का अनुमान है, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दशार्ता है। भारत विश्व स्तर पर पाँचवाँ सबसे बड़ा यात्रा और पर्यटन बाजार बनने के लिए तैयार है, जिसका अनुमान है कि 2027 तक आउटबाउंड पर्यटन व्यय 89 बिलियन डॉलर तक पहुँच जाएगा, जो 2019 में 38 बिलियन डॉलर था। भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। भारत में अपने लोगों के साथ लाखों विदेशी लोग प्रतिवर्ष भारत घूमने आते हैं। भारत में पर्यटन की उपयुक्त क्षमता है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों या खूबसूरत समुद्री-तटों की यात्रा पर निकले हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में तो लोगों को घूमते-घूमते महीना बीत जाते हैं।

2024 के लिए, इतिहास, संस्कृति और लुभावने परिदृश्यों से समृद्ध देश जॉर्जिया विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी करेगा। जॉर्जिया पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के चौराहे पर स्थित है, जो संस्कृतियों का एक अनूठा मिश्रण पेश करता है।

यह अपने प्राचीन चर्चों, वाइन क्षेत्रों और आश्चर्यजनक पर्वत श्रृंखलाओं के लिए प्रसिद्ध है। जॉर्जिया का पर्यटन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है, जिससे लाखों अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आकर्षित हो रहे हैं। अपने खूबसूरत नजारों के साथ, जॉर्जिया यह दिखाने के लिए एकदम सही जगह है कि पर्यटन किस तरह शांति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है। पर्यटन का महत्व और पर्यटन की लोकप्रियता को देखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1980 से 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया। पर्यटन दिवस को वैश्विक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास हेतु मील के पत्थर के रूप में देखा जाता है एवं इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व में इस बात को प्रसारित तथा जागरूकता फैलाने के लिए हैं कि किस प्रकार पर्यटन वैश्विक रूप से, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा आर्थिक मूल्यों को तथा आपसी समझ बढ़ाने में सहायता कर सकता है।

हर व्यक्ति किसी-ना-किसी परेशानी से घिरा हुआ है, भय और जीवनसंकट के इस दौर में ऐसा लगता है मानो खुशी एवं मुस्कान तो कहीं गुम हो गई है। बावजूद इन सबके हर व्यक्ति को अपने जीवन में कुछ समय ऐसा जरूर निकालना चाहिए जिसमें खुशी, शांति एवं प्रसन्नता के पल जीवंत हो सके, इसका सशक्त माध्यम है पर्यटन। पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को वापस लाने में ही मदद नहीं करेगा बल्कि यह किसी भी देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी बनेगा। कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है। यूरोपीय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और भारत आदि ऐसे देश हैं जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। भारत जैसे देशों के लिए पर्यटन का खास महत्व है। देश की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्रोत है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। आज भारत जैसे देशों को देखकर ही विश्व के लगभग सभी देशों में पुरानी और ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षण, संवर्द्धन किया जाने लगा है।

भारत में प्राचीन समय से पर्यटन की व्यापक संभावनाएं एवं स्थितियां रही है, लेकिन एक समय ऐसा आया जब भारत के पर्यटन स्थल खतरे में नजर आने लगे और लगने लगा कि शायद अब भारत पर्यटक स्थल के नाम पर पर्यटकों की पहली पसंद नहीं रहेगा। दुनिया में आई आर्थिक मंदी और आतंकवाद के चलते ऐसा लगने लगा कि पर्यटक अब भारत का रुख करना पसंद नहीं करेंगे, पर ऐसा नहीं हुआ। भारत की सांस्कृतिक और प्राकृतिक सुन्दरता इतनी ज्यादा है कि पर्यटक ज्यादा समय तक यहां के सुन्दर नजारे देखने से दूर नहीं रह सके। यही वजह है कि भारत में विदेशी सैलानियों को आकर्षित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूरगामी सोच से अनेक पर्यटन योजनाओं को लागू किया है। वे खूद भी पर्यटन को प्रोत्साहन देने को तत्पर रहते हैं, पिछले दिनों उनकी लक्षद्वीप की यात्रा एवं आम चुनाव के बाद कन्याकुमारी में विवेकानन्द आश्रम में एकान्त साधना से इन स्थलों के पर्यटन को अनायास ही प्रोत्साहन मिला। सरकार द्वारा विभिन्न शहरों के लिये अलग-अलग योजनाएं भी लागू की गयीं हैं।

भारतीय पर्यटन विभाग ने ह्यअतुल्य भारतह्न नाम से अभियान चलाया था। इस अभियान का उद्देश्य भारतीय पर्यटन को वैश्विक मंच पर प्रोत्साहित करना था जो काफी हद तक सफल हुआ। देश के द्वार विदेशी सैलानियों के लिए खोलने का काम यदि सही और सटीक विपणन ने किया तो हवाई अड्डों से पर्यटन स्थलों के सीधे जुड़ाव ने पर्यटन क्षेत्र के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज सैलानी पर्यटन के लिहाज से सुदूर स्थलों की सैर भी आसानी से कर सकते हैं। सिमटती दूरियों के बीच लोग बाहरी दुनिया के बारे में भी जानने के उत्सुक रहते हैं। यही कारण है कि आज दुनिया में टूरिज्म एक फलता फूलता उद्योग बन चुका है।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए यश और कीर्ति में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप बिजनेस की किसी डील को लेकर यदि लंबे समय से परेशान चल रहे थे, तो वह फाइनल हो सकती है। आपको अपने किसी काम को कल पर टालने से बचना होगा, लेकिन यदि आपको कोई शारीरिक कष्ट चल रहा है, तो उसे आप नजरअंदाज ना करें। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा। यदि आप किसी यात्रा पर जाएं, तो अपने जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान दें।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों अपने साथी के साथ रोमांटिक मूड में रहेंगे और उन्हें कहीं घूमाने फिराने लेकर जाएंगे। माताजी से आपकी कुछ खटपट होने की संभावना है, इसलिए बहुत ही सोचसमझ कर बोले। कार्यक्षेत्र में आपकी अच्छी सोच का स्वागत होगा। दोस्तों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपको किसी नए पद की प्राप्ति होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। संतान के लिए आप किसी नए कोर्स में दाखिला दिला सकते हैं।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। राजनीतिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को कोई बड़ा पद मिलने की संभावना है। आपको अपने कामों को लेकर योजनाएं बनानी होंगी और आप अपने धन का निवेश भविष्य के लिए कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। विद्यार्थियों को घूमने फिरने के दौरान जानकारी प्राप्त होगी। आपको अपने पिताजी से मन की बात को कहने का मौका मिलेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। कला कौशल में निखार आएगा। आपको अपने विरोधियों से थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। किसी काम को आप भाग्य के भरोसे ना छोड़े। आपने यदि कोई काम को लेकर लोन अप्लाई किया था, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। आपके पिताजी को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहेगा। आपके पद-प्रतिष्ठा बढ़ने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने जीवनसाथी को कहीं घूमाने फिराने लेकर जा सकते हैं। आपको अपने खानपान पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके घर परिवार की जिम्मेदारियां अधिक रहेंगी, लेकिन भाई-बहन आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों की बातों पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। किसी से यदि आपने धन उधार लिया था, तो उसे आप काफी हद तक उतारने में सफल रहेंगे।

कन्या- आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके कुछ शत्रु आपका काम बिगड़ने की कोशिश करेंगे। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको किसी पर आंखें बंद करके भरोसा करना नुकसान देगा। आपको अपने खान-पान पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि आप किसी नई योजना को लेकर परेशान चल रहे थे, तो उसकी शुरूआत कर सकते हैं। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ नया हासिल करने का मौका मिलेगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में आपको जीत मिलती दिख रही है। आपका कोई नया प्रोजेक्ट शुरू हो सकता है। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। आप किसी से कर्ज लेने से बचें, लेकिन आप अपने घर के रिनोवेशन ऑफर पर अच्छा खासा धन खर्च करेंगे, जिसके लिए आप लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। गृहस्थ जीवन में साथी आपके कामों में पूरा साथ देंगे, जिससे प्रेम भरपूर रहेगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपके परिवार में लंबे समय से यदि कोई टेंशन चली आ रही थी, तो वह दूर होगी। संतान को कोई अवार्ड मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। नौकरी में कार्यरत लोगो को काम के सिलसिले में कहीं किसी यात्रा पर जा सकते हैं। आपको अपने बिजनेस में चल रही समस्याओं को लेकर अपने पिताजी से बातचीत करनी होगी, तभी वह दूर होती दिख रही हैं। आर्थिक मामलों में आपको सावधान रहना होगा और आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी सुनने को मिले, तो आप उससे लीक ना करें।

धनु- आज का दिन आपके लिए किसी नये काम में हाथ डालने के लिए बचाना होगा, इसलिए आप शेयर मार्केट में भी सोच विचार कर आगे बढ़े। रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आपके बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ाव के बाद भी आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में कुछ समस्या आने के कारण आपको भागदौड़ लगी रहेगी। आपकी यदि कोई अधूरी इच्छा थी, तो वह भी पूरी हो सकती है।

मकर- आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको अधिक मेहनत के बाद ही सफलता मिलती दिख रही है। यदि आपको कोई टेंशन चल रही थी, तो वह बढ़ सकती है। आपके जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से नुकसान हो सकता है। आपको कार्यक्षेत्र की योजना पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको किसी संपत्ति को लेकर कोई वाद-विवाद चल रहा था, तो उसे आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें। आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से उतार चढ़ाव भरा रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में तालमेल बना रहेगा। आपके अंदर प्रतिस्पर्धा का भाव बना रहेगा। सामाजिक कामों में आप बढ़ चढ़कर चलेंगे। माता-पिता के साथ मिलकर आप अपने घर परिवार में चल रही समस्याओं को दूर करने की कोशिश करेंगे। आपको यदि संतान के करियर को लेकर चिंता थी, तो आप उसके लिए किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरा कर सकते हैं। आपके आसपास का माहौल आनंदमय रहेगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने कामों में अच्छी सफलता मिलने की संभावना है, लेकिन आपको किसी काम को संयम रखकर निपटना होगा। आप किसी लेन देन को लेकर आप यदि परेशान चल रहे थे, तो आपके वह समस्या भी दूर होगी। आप किसी नए वाहन की खरीदारी पर अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिलने की संभावना है। आपके जीवनसाथी से चल रही खटास को आप बातचीत के जरिए दूर करेंगे और उन्हें कहीं घूमाने लेकर जा सकते हैं।

अनकहा दर्द

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

दिवाली का त्योहार था, और शहर भर में रौशनी का आलम था। पटाखों की आवाजें, मिठाइयों की खुशबू, और घर-घर में दीप जल रहे थे। लेकिन हमारे मोहल्ले में कुछ अलग ही मंजर था। मोहल्ले के चौराहे पर एक विशाल पंडाल सजाया गया था, जिसमें हर तरफ दीयों की जगमगाहट थी। सब लोग उत्साह में थे, लेकिन मैं जानता था कि इस उत्सव में भी कुछ न कुछ तो गड़बड़ है। अरे भाई, ये तो दिवाली का मजा ही खराब कर दिया! मैंने अपने दोस्त बबलू से कहा, जो हमेशा की तरह अपने नए कपड़ों में चमक रहा था। बबलू हंसते हुए बोला, क्या करूँ यार, ये तो हमारी मोहल्ले की परंपरा है। सब कुछ ठीक नहीं है तो क्या हुआ, कम से कम हम दिखावे के लिए ही सही, दिवाली मनाने आए हैं। इसी बीच, पंडाल में आयोजक भाई लोग आ गए। उनके चेहरे पर टेंशन साफ दिखाई दे रही थी। क्या बात है भैया, सब ठीक तो है? मैंने पूछा। एक आयोजक ने कहा, भाई, बस थोड़ा सा बजट कम है। मिठाई का खर्चा बढ़ गया है, लेकिन हम तो कोशिश कर रहे हैं कि दिवाली का माहौल बना रहे। क्या बात कर रहे हो! दिवाली के लिए तो हमें अमीर बनने की जरूरत नहीं है, बस थोड़ी ईमानदारी से काम कर लो! मैंने चुटकी लेते हुए कहा। उन्होंने मेरी बात पर हंसते हुए कहा, ईमानदारी? अरे भाई, ये तो सिर्फ किताबों में होती है। यहाँ तो सब दिखावे का खेल है। समझा? फिर मैंने देखा कि मोहल्ले की महिलाएं भीड़ में इकट्ठी थीं, वो सभी अपने-अपने तरीके से दिवाली की तैयारी कर रही थीं। एक महिला ने कहा, इस बार तो हम सब एक साथ मिलकर दीप जलाएँगे। दूसरी ने कहा, अरे नहीं, हमारे घर का दीप सबसे बड़ा होना चाहिए। बस वही सबसे सुंदर दिखेगा! तभी मैंने देखा कि वहाँ पर एक आदमी जो ढेर सारी मिठाइयाँ लेकर आया था, वो सबके बीच में खड़ा होकर बोल रहा था, भाई लोग, इस बार की मिठाई सबसे खास है! एक तो ये इंपोर्टेड है, और ऊपर से 20% ज्यादा मीठी! सभी ने एक साथ कहा, बस ठीक है, बस अच्छी लगे तो चुप रहो।

इसी बीच एक और मित्र, फट्टू, जो हमेशा कुछ न कुछ नया करने की कोशिश करता है, वो भी वहाँ आ गया। भाई, मैंने इस बार एक नया पटाखा लाया है। इसका नाम है ह्यआतिशबाजी-ए-इनोवेशन! उसने सबको बताया। मैंने कहा, यार, ये तो सिर्फ एक नया नाम है। तुम भी क्या करोगे? बबलू ने हंसते हुए कहा, भाई, ये सब तो यहीं हो रहा है। सबकी अपनी-अपनी दुकानें सज गई हैं। जैसे ही दिवाली आएगी, सब चाँद बन जाएंगे। फट्टू ने कहा, अरे, पर तुम्हें पता है, इस बार हम सोशल मीडिया पर भी ट्रेंड करेंगे। हमारी दिवाली का नाम टॉपिक बनेगा। मैंने सोचा, अच्छा! देखो भाई, अब तो दिवाली का मतलब सिर्फ लाइक्स और शेयर बन गया है। भगवान से भी ज्यादा फेमस होना चाहिए! तभी पंडाल में एक बड़े नेता आ गए, और सब लोग ताली बजाने लगे। उनका चेहरा देखकर मुझे एक अजीब सी हंसी आ गई। भाई, ये क्या हो रहा है? क्या ये भी दिवाली का हिस्सा है? मैंने पूछा। आयोजक ने कहा, ये तो महोत्सव का चेहरा हैं, भाई। इनका आना जरूरी है, वरना हमारी दिवाली अधूरी रह जाएगी।

नेता ने पंडाल में आते ही सबको भाषण देना शुरू कर दिया, भाइयों और बहनों, इस दिवाली हम सब मिलकर एक नई शुरूआत करेंगे। मैं सोचने लगा, अच्छा! क्या नई शुरूआत? क्या मिठाई में और चीनी मिलाने की बात कर रहे हो?तभी पंडाल में आग लगी हुई गाड़ी की आवाज आई। सब लोग घबरा गए। लोग इधर-उधर भागने लगे। मैंने सोचा, वाह भाई, ये तो दिवाली का नया रूप है—पटाखों के साथ आग लगाना। आग से निपटने का कोई इंतजाम नहीं था, पर सब लोग अपनी-अपनी रोटी सेंकने में लगे हुए थे।अचानक, एक बच्चा चिल्लाया, मम्मी, ये क्या हो रहा है? उसकी माँ ने कहा, चुप रहो, यह तो बस दिवाली की मस्ती है! मैंने सोचा, क्या मजा है! जब आग लगी हो, तब भी दिवाली की मस्ती! इसे कहते हैं अपने रंग में रंग जाना !बबलू ने कहा, चल यार, हम भी कुछ कर लेते हैं। दीप जलाते हैं! लेकिन तभी सभी के बीच एक महिला रोने लगी, मेरे घर की सारी मिठाई जल गई! उसके आंसू देखकर मैं भी पिघल गया। सबकी आँखों में आंसू थे, सबकी दिवाली उजड़ गई। मैंने सोचा, ये तो दिवाली का असली रूप है—रौशनी के पीछे छुपा अंधेरा। फिर मैंने देखा कि नेता महोदय अपनी सुरक्षा के घेरे में थे, जबकि बाकी सब लोग आग में झुलस रहे थे। मैंने अपने आप से कहा, ह्लक्या यही है हमारे त्योहारों का असली मतलब? हर साल दिवाली के नाम पर सिर्फ दिखावा और धुआं? जैसे ही मैंने दिवाली के दिन की सारी बुराइयों को अपने दिल में बसा लिया, मेरे आँखों से आंसू बहने लगे। और उस पल मैंने सोच लिया, कि इस दिवाली का असली मजा क्या है? सब दिखावा है, और असली खुशी कहीं खो गई है। मैंने फिर से अपने चारों ओर देखा, हर चेहरे पर वही दर्द, वही आंसू। क्या यही दिवाली है? और इसी सवाल के साथ, सबकी आँखों में वही एक अकेला सा दर्द था, जो न कह पाते हुए भी सबको जोड़ रहा था।

छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक भाटापारा की रामलीला का स्वर्णिम इतिहास

छत्तीसगढ़ की सबसे प्राचीन एवं एतिहासिक रामलीला का मंचन बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के भाटापारा नगर में आयोजित की जाती है, जिसका मंचन प्रतिवर्ष नवरात्र पक्ष में किया जाता है जो इस वर्ष भी आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा द्वारा आगामी नवरात्र के प्रथम दिवस 3 अक्टुबर से किया जाएगा। आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के सदस्यो ने बताया कि यहां रामलीला समिति का गठन ब्रिटिश काल में सन 1920 मे स्थापित किया गया था, तब से रामलीला का मंचन हो रहा जिसका आगामी 3 अक्टुबर 2024 से आरंभ होने वाला रामलीला मंचन का 105 वें वर्ष का मंचन शंकर वार्ड स्थित रामलीला मैदान के मंच पर किया जाएगा जो 13 अक्टुबर तक 11 दिनो तक मंचन होगा । दशहरा उत्सव एवं रावण वध की लीला के साथ पुरे रामचरित मानस के आधार पर संपुर्ण रामायण का संक्षिप्त मंचन रावणभाटा मैदान भाटापारा में 12 अक्टुबर को दशहरा पर्व पर आयोजित होगा। रामलीला में नारदमोह, मुनिआगमन, धनुशयज्ञ, वनवास, सीताहरण, जटायुमरण, शबरी प्रसंग, रामसुग्रीव मित्रता, बालीवध, लंकादहन, विभिशण-शरणागति, अंगदरावण संवाद, लक्ष्मणशक्ति, मेघनाथ वध, कुंभकर्ण वध, अहिरावण वध, राजतिलक जैसी लीलाओ का मंचन कर भगवान राम के मयार्दा पुरषोत्तम चरित्र को दिखाया जाता है और धर्मसंस्कृति का प्रचार किया जाता है।

भाटापारा की रामलीला का है अनोखा साहित्य- आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा द्वारा मंचित रामलीला का साहित्य अनोखे तरिके से तैयार किया गया है जिसमे गोस्वामी तुलसीदास कृत श्रीरामचरितमानस मुख्य आधार है, इसके अलावा यहां बोले जाने वाले संवादो में राधेश्याम रामायण, आर्य संगीत रामायण, रामचरित्र दर्पण रामायण, वसुनायक रामायण, ज्वालाप्रसाद कृत श्रीरामायण, नाट्य रामायण, हिन्दी रामायण, नथाराम गौंड संगीत रामायण, राधेश्याम पंडित कृत नाट्य जैसे अनेको साहित्य के मंथन और विशेषज्ञों व जानकारो द्वारा अनुवादीत हिन्दी के मिश्रण से रामलीला मंचन के लिए साहित्य तैयार किया गया है जिसके माध्यम से मनोरम एवं मनमोहक रूप से रामलीला का संचालन किया जाता हैं।

नन्हे बच्चो की कलाकारी है विशेषता वही मातृभाषा से जुड़ते है बच्चे-भाटापारा की रामलीला में 7 से 10 साल के बच्चे करते है अभिनय और बोलते हे फराटेर्दार रामलीला के संवाद। इस रामलीला मे 10 वर्ष का बच्चा कर रहा है लक्ष्मण का पात्र अभिनय। वही 2री से लेकर 12 तक के बच्चे अधिकतर रामायण के किरदार को निभाते है जिसमें राम, लक्ष्मण, सीता, रावण, हनुमान, कुंभकर्ण जैसे अनेक किरदारो को जीवंत करते हुए शानदार रामायणो के संवादो को बोलते हुए मंचन करते है। जिसके कारण इसे बच्चो की रामलीला भी कहते है साथ ही बच्चे इस रामलीला में साहित्यिक हिन्दी, संस्कृत , अवधि भाषा जैसे अनेक साहित्यो को सीखते है। जो वर्तमान में अंग्रेजी की आवश्यकता बच्चो को अपने मातृभाषा से दुर कर रही है वही ये रामलीला बच्चो को अपने धर्म संस्कृति से जोड़ते हुए मातृभाषाओं का भी ज्ञान दे रही है।

नवरात्र के नवमी पर होती है भव्य देवीलीला- नवरात्र मे प्रथम दिवस से आयोजित इस रामलीला में नवमी दिवस पर अहिरावण वध की लीला पर भव्य देवीलीला का आयोजन होता है जो भयानक डरावनी एवं पाताललोक का प्रदर्शन होता है जिसे देखने उस दिन रामलीला मैदान पर हजारो में लोगो की भीड़ होती है। मां निकुम्बला देवी की शानदार झांकी प्रदर्षित की जाती है। जिसमे अहिरावण के द्वारा रामलक्ष्मण का हरण कर देवी के समक्ष बली चढाने ले जाया जाता है और हनुमान जी द्वारा अहिरावण का वध किया जाता है। पुरे छत्तीसगढ़ नही अपितु पुरे देश मे इस तरह की भव्य देवी लीला प्रदर्शन भाटापारा की रामलीला में ही देखने को मिलता है।

स्थापित सन 1920 से रामलीला की नींव रखने वाले प्रेरणा स्त्रोत-वैसे तो भाटापारा के हर वार्ड एवं गली मे इस रामलीला के कलाकार मिल जाऐगें जिसमें पद्मश्री से सम्मानित छत्तीसगढ़ी फिल्मो

एक नजर

अनाज भण्डारण केन्द्र गोदाम का एसडीएम ने किया निरीक्षण

दंतेवाड़ा, 27 सितंबर । अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री जयंत नाहटा के द्वारा चितालंका बाईपास रोड स्थित शासकीय अनाज भण्डारण केन्द्र(स्नष्टढ्ढ) गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टाक रजिस्टर भण्डारित अनाज के रखरखाव को देखा तथा अनाज वितरण में सबसे पुराने लाटों का वितरण पहले करने के निर्देश दिए ताकि भण्डार गृह में बहुत समय तक पुराने लाट न रहे और आमजनों को नए चावल को आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा उन्होंने समय-समय पर क्वालिटी इंस्पेक्टर को नियमित रूप क्वालिटी चेक करने तथा गोदाम में नियमित रूप से साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित रखने को भी कहा साथ ही उन्होंने खाद्यान्न सुरक्षा के लिए भण्डार गृह में निर्धारित सुरक्षा मानकों अनुसार दवाइयों का प्रयोग करने के निर्देश दिए।इसके पश्चात् एसडीएम द्वारा निरीक्षण के क्रम में केंद्रीय विद्यालय का भी दौरा किया गया। यहां उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा सभी केन्द्रीय विद्यालयों को पीएम श्री स्कूल घोषित किए जाने के फलस्वरूप दिये जाने वाले लाभ-सुविधाओं को छात्रों को प्रदाय करने का निर्देश देते हुए विद्यालय के प्राचार्य को छात्र-छात्राओं हेतु खेल मैदान को ठीक करके उपयोग एवं खेल सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

दूर से पानी लाने की दिक्कत हुई दूर

दंतेवाड़ा, 27 सितंबर । शुद्ध पेयजल का

सीधा नाता स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। दूषित पेयजल से होने वाली व्याधियों की समस्या हर पंचायतों के लिये प्रमुख मुद्दा रही है। इसीलिये प्रशासन के लिये ग्राम पंचायतों में शुद्ध पेयजल की सतत आपूर्ति एक चुनौतीपूर्ण साबित हुआ है। इस क्रम में जिले के विकासखण्ड कटेकल्याण के ग्राम पंचायत बड़े बेडमा के ग्राम किडरीरास के ग्रामीणों को अब दूर स्थित चुंआ (कुआं) के पानी पीने से आजादी मिली है साथ ही हैण्डपम्प पर भी उनकी निर्भरता खत्म सी हो चली है। इसका प्रमुख कारण इस गांव में जल जीवन मिशन का सफल क्रियान्वयन रहा है। जिसके बूते पर चाहे भीषण गर्मी हो या सावन, या फिर आषाढ़ का महीना अब ग्रामीणों को बारहों महीने घर के आँगन में ही शुद्ध पेयजल की आपूर्ति निरंतर होगी। इसके तहत केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत उक्त गांव के कुल 35 घरों में नल कनेक्शन से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।जिला दंतेवाड़ा के जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला जल स्वच्छता मिशन श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार और कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जिला जल स्वच्छता मिशन के सचिव श्री निखिल कुमार कंवर के मार्गदर्शन में विगत दिवस ग्राम किडरीरास के ग्रामीणों द्वारा ''जल उत्सव'' का आयोजन कर सरपंच शांति शोरी द्वारा शत प्रतिशत 'हर घर जल' प्रमाणित ग्राम का घोषणा किया गया। इस जल उत्सव सभा में जिला आई.एस.ए. परियोजना समन्वयक शिल्पी शुक्ला द्वारा योजना के संचालन और रखरखाव के साथ-साथ जल संरक्षण हेतु जानकारी देने के साथ-साथ समितियों और ग्रामीणों को योजना संचालित करने हेतु सर्वसम्मति से कार्य आवंटित किया गया। इसी क्रम में एफटीके के माध्यम से जल गुणवत्ता जांच हेतु जिला परियोजना समन्वयक अंकिता सिंह द्वारा जल गुणवत्ता का महत्व बताते हुए सभी पैरामीटर की जानकारी भी दिया गया।उक्त जल महोत्सव आयोजन में ग्रामीणों द्वारा पाकलू राम पोडियाम वार्ड पंच को हर्षोल्लास के साथ-साथ शत प्रतिशत घरों में जल जीवन मिशन से पानी आने और योजना के संचालन हेतु नामजद किया गया। इस दौरान वार्ड पंच श्री पाकलू राम पोड़ियाम ने जल जीवन मिशन योजना का ग्राम तक पहुंचने से ग्रामवासियों की तरफ से सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जिम्मेदारी ली गयी। यहां बताना आवश्यक होगा कि कलेक्टर की अध्यक्षता में निरंतर जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन हेतु लगातार मॉनिटरिंग एवं प्रगति की जानकारी ली जाती रही है। प्रशासन सदैव यह प्रयास है कि दूरस्थ ग्रामों में निर्बाध गति से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होती रहे और इसका सबसे बड़ा उदाहरण जिला दंतेवाड़ा के सुदूर ग्राम किडरीरास बना है।

यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर गिरेगी गाज

मामला विसर्जन झांकी के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष से मारपीट का

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 27 सितंबर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जिलाध्यक्ष को शोकाश नोटिस जारी करने का आदेश दिया गया है आदेश के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया जिला युथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस दिया गया जवाब आने के बाद आगे की कार्यवाही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के द्वारा आगे की कार्य वाही की जायेगी। ज्ञात हो कि 18 सितम्बर की गणेश विसर्जन झाँकी के दौरान कांग्रेस के द्वारा झाँकियों को पुरस्कृत करने के लिए मंच लगाया गया था । मंच बैनर पोस्टर लगाए गए थे जिसमें जिला युथ कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप गहरवार का फोटो नहीं लगाया गया था जिसको लेकर श्री गहरवार ने अपने साथियों के साथ पंडाल में आकर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान के साथ गाली गलौज कर मारपीट की घटना खुलकर सड़क पर आ गई थी। घटना के बाद यह मामला कांग्रेस के दोनों अध्यक्षों के द्वारा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज की गई थी। पुलिस एफआई कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया गया था। इस घटना के बाद कांग्रेस की अंर्तकलह खुलकर सामने आ गई थी हालाँकि शहर व युथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दोनों ही नवाज समर्थक बताए जाते हैं। घटना के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू के द्वारा पूरी घटना की जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को दिया गया था। जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा युथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्री गहरवार को कारण बताओ जारी करने का आदेश दिया गया था इसको लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री साहू ने प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर श्री गहरवार को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया जवाब मिलने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी। गहरवार से चर्चा करने पर बताया गया कि हमें किसी प्रकार का कोई कारण बताओ नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है, मिलने पर अपना जवाब प्रस्तुत करूँगा।

सीईओ नम्रता जैन ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 27 सितंबर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने आज जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का गहन जायजा लिया और मरीजों से मिलकर उनकी कुशलक्षेम जानी। सीईओ श्रीमती जैन ने विभिन्न वार्डों का दौरा करते हुए मरीजों से उनके इलाज, देखभाल और अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को मरीजों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए और यह सुनिश्चित किया कि स्वास्थ्य सेवाएं निर्बाध रूप से उपलब्ध हों। इस निरीक्षण के दौरान सीईओ श्रीमती जैन ने चिकित्सालय के स्टाफ से भी चर्चा की और अस्पताल की स्वच्छता, दवाओं की उपलब्धता, उपकरणों की स्थिति और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन किया। उन्होंने अस्पताल में सुधार की संभावनाओं पर भी जोर देते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के अंत में, सीईओ ने अस्पताल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि हर मरीज को गुणवत्तापूर्ण और बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिलनी चाहिए ताकि क्षेत्र के नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, सीएमएचओ डॉ कपिल कश्यप, सीएस डॉ. एमआर कश्यप सहित जला चिकित्सालय के स्टाप उपस्थित थे।

सामान्य सभा की बैठक 4 अक्टूबर को

सुकमा, 27 सितंबर । जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में 04 अक्टूबर दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। जिसमें कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग आदिवासी विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवम् अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए सुकमा के खिलाड़ी का चयन

सुकमा, 27 सितंबर । लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा आयोजित शालेय खेल प्रतियोगिता के तहत् 01से 04 सितंबर 2024 तक अंबिकापुर में राज्य स्तरीय क्रिक्रेट चयन प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। सुकमा जिले के सहायक जिला खेल अधिकारी श्री कमल कोसरिया के द्वारा उक्त प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी दिया गया है कि सुकमा जिले के तनुज जायसवाल जो कि मदर टेरेसा में अध्ययनरत है। बस्तर संभाग की टीम की ओर से उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया जिसके कारण उनका चयन राष्ट्रीय प्रकयोगिता के लिए हुआ है। सुकमा जिले के इस नैसर्गिक प्रतिभा के धनी खिलाड़ी के चयन होने पर सभी खेल प्रेमी और अधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किये हैं।

तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 27 सितंबर। जिले में सक्रिय तीन नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। यह आत्मसमर्पण छत्तीसगढ़ शासन की ÷छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति÷ और ÷नियद नेल्ला नार÷ योजना से प्रेरित होकर किया गया। इसके अलावा, अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार स्थापित हो रहे सुरक्षा कैंपों और पुलिस के बढ़ते प्रभाव ने भी इन नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित किया।आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में मुचाकी संतोष (कन्हाईगुड़ा आरपीसी डीएकेएमएस उपाध्यक्ष), रवा नंदा (सुरपनगुड़ा आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य), और दिरदो भीमा उर्फ महेश (पालाचलमा आरपीसी मिलिशिया सदस्य) शामिल हैं। इन सभी ने बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया।

नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने में सुरक्षा बलों की विशेष भूमिका 217 और 208 कोबरा वाहिनी, 201 कोबरा वाहिनी, और सुकमा जिले के सुरक्षा बलों ने नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया। आत्मसमर्पण प्रक्रिया में इन वाहिनियों की आसूचना शाखा के कर्मियों का अहम योगदान रहा।नक्सली मुचाकी संतोष, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम कन्हाईगुड़ा, थाना कोंटा, जिला सुकमा ने 217 वाहिनी सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी विरेन्द्र कुमार और डीआरजी जिला सुकमा के प्रभारी निरीक्षक अभिलाष टण्डन के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इसी प्रकार, रवा नंदा, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम चिमलीपेंटा, थाना चिंतलनार ने डीआरजी जिला सुकमा के प्रभारी निरीक्षक अभिलाष टण्डन और सायबर सेल सुकमा के प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव के समक्ष आत्मसमर्पण किया। तीसरे नक्सली दिरदो भीमा, उम्र 25 वर्ष, निवासी इत्तनपाड़, थाना किस्टाराम ने 208 कोबरा वाहिनी के निरीक्षक अनिल कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण किया।आत्मसमर्पित नक्सलियों का विवरण इन नक्सलियों ने पुलिस गश्त पार्टी की रेकी करने, पुलिस पार्टी के रास्तों पर स्पाइक और बम लगाने, मुख्य मार्गों को खोदकर अवरुद्ध करने, और शासन के खिलाफ बैनर और पर्चे लगाने जैसी नक्सली गतिविधियों में हिस्सा लिया था। इन सभी को छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन और पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

नक्सलियों ने संगठन की अमानवीय विचारधारा, शोषण, अत्याचार और बाहरी नक्सलियों द्वारा किए जा रहे भेदभाव से तंग आकर आत्मसमर्पण किया है। स्थानीय आदिवासियों पर हो रहे हिंसा और शोषण के कारण इन नक्सलियों ने संगठन छोड़ने और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया।

ग्राम पंचायत छिंदनार में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

दंतेवाड़ा, 27 सितंबर । जिले के गीदम ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत छिंदनार में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पंचायत पदाधिकारियों सहित अधिकारियों ने ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्या शिकायतें सुनी और निराकरण हेतु आवश्यक पहल किया।

इस दौरान कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने विभाग द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया और शासन के द्वारा दिए जा रहे हैं योजनाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए विभागों से शिविर में आए ग्रामीणों को इससे अवगत कराने को कहा। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए इन योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। इस मौके पर शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों को अपनी समस्या शिकायतों से अवगत कराने का आग्रह करते हुए कहा कि यहां विभिन्न विभाग के मौजूद अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं संबंधी आवेदनों पर प्रभावी कार्रवाई करें।इस शिविर में ग्राम तुमरीगुंडा, चेरपाल, कऊरगांव, मुचनार, रौंजे, कासोली, गुटोली, मुस्तलनार तथा गुमलनार एवं अन्य पंचायत के ग्रामीण शामिल हुए और अपनी समस्या एवं मांगो को लेकर अपना आवेदन विभागों द्वारा लगाए स्टालों में प्रस्तुत किया, इसके अलावा शिविर स्थल पर वन विभाग द्वारा पौधे में आम, पपीता, नींबू, नारियल, सुपारी, जाम सहित अन्य पौधे का वितरण भी किया गया। शिविर में प्राप्त कुल लगभग 311 आवेदन पत्रों में से 43 प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया गया। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग द्वारा शिशु का अन्नप्राशन भी रखा गया था। इसके साथ ही शिविर में कृषि विभाग द्वारा समसामयिक कृषि सलाह, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संक्रामक बीमारियों से बचाव एवं उपचार संबंधी परामर्श सहित शुद्ध पेयजल का उपयोग, गर्म एवं ताजा भोजन सेवन तथा स्वच्छता एवं साफ-सफाई की समझाइश ग्रामीणों को दी गई। वहीं पशु चिकित्सा विभाग के द्वारा पालतू मवेशियों के उपचार संबंधी सलाह भी दी गई।

कर्मचारियों की हड़ताल के कारण सरकारी दफ्तरों में सन्नाटा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 27 सितंबर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर राज्य व्यापी हड़ताल का असर आज दुर्ग जिले के नगर निगम और पालिका सहित अन्य सरकारी कार्यालयों में देखने को मिला अधिकारी व कर्मचारियों ने एक दिन का अवकाश लेकर कलम बंद हड़ताल के तहत धरना प्रदर्शन किया विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए मोदी की गारंटी को अविलंब लागू करने की आवाज बुलंद की गई। इस दौरान नगरीय निकाय क्षेत्रों में पानी, बिजली और साफ सफाई जैसे आवश्यक सेवाओं को हड़ताल से पृथक रखा गया राज्य सरकार के अधीन काम करने वाले अधिकारी कर्मचारी आज एक दिवसीय सामूहिक हड़ताल पर रहें। वैसे तो हड़ताल का आह्वान छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने किया है लेकिन स्थानीय नगर निगम और पालिका में छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ और कर्मचारी कांग्रेस ने भी इस हड़ताल को अपना समर्थन दिया। लिहाजा भिलाई और दुर्ग सहित भिलाई चरोदा व रिसाली नगर निगम में आज कार्यालयीन कामकाज ठप्प रहा ऐसी ही स्थिति जामुल और कुम्हारी सहित जिले के अन्य नगर पालिकाओं में बनी रही। निकाय कर्मचारियों ने हड़ताल में शामिल होने एक दिन का अवकाश ले रखा था वहीं निकाय कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई इस दौरान मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों-अधिकारियों से चुनाव के समय किए गए वादों को पूरा करने की मांग छत्तीसगढ़ सरकार से किया गया भाजपा ने सत्ता में आने से पहले सरकारी कर्मचारियों से उनकी मांगें पूरी करने का वादा किया था उन्होंने कहा कि अगर सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती तो फेडरेशन अनिश्चितकालीन हड़ताल का आह्वान करेगा। श्री वर्मा ने जानकारी दी कि प्रदेश के 33 जिलों और 146 विकासखंडों में कर्मचारी अधिकारी प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा जा रहा है भिलाई नगर निगम से कर्मचारी कांग्रेस के नेता संजय शर्मा ने बताया कि हड़ताल से आवश्यक सेवाओं को अलग रखा गया है छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री शरद दुबे बताया कि फेडरेशन के चार सूत्री मांगों के समर्थन में भिलाई निगम के कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग लिया है। उन्होंने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में लागू करने संघ की मांग की ओर फेडरेशन का ध्यानाकर्षण कराया गया है फेडरेशन ने विधानसभा चुनाव के समय भाजपा के घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जनवरी 2024 से महंगाई भत्ता में 4 प्रतिशत वृद्धि कर साथ 50 प्रतिशत डीए स्वीकृत करने, प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किए जाने की मांग है गौरतलब है कि फेडरेशन ने मोदी की गारंटी का क्रियान्वयन नहीं होने के स्थिति में चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। जिसके द्वितीय चरण में 20 से 30 अगस्त 24 तक सांसदों और विधायकों को ज्ञापन सौंपा गया, तृतीय चरण में 11 सितंबर 24 को जिला, ब्लॉक व तहसील में मशाल रैली तथा प्रदर्शन, चौथे चरण में 27 सितंबर को प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारी अवकाश में रहकर कलम बन्द हड़ताल किया गया है

ग्राम पंचायत तोंगपाल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

सुकमा, 27 सितंबर । कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में छिंदगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत तोंगपाल में ''स्वच्छता ही सेवा''अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ जीवन शैली को प्रोत्साहित करना था। अभियान के तहत ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से सफाई अभियान में भाग लिया और सार्वजनिक स्थलों, सड़कों, और स्कूलों की साफ-सफाई की। इसके साथ ही स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों, पंचायत के सदस्यों और स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्वच्छता के महत्व पर जनप्रतिनिधियों ने कहा, 'स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य बल्कि हमारे पर्यावरण की रक्षा के लिए भी जरूरी है। स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करना आवश्यक है।' साथ ही, कचरा प्रबंधन और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने पर विशेष जोर दिया गया। अभियान के दौरान एक मां पेड़ के नाम के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। इस प्रकार ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत तोंगपाल में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सफलतापूर्वक कई गतिविधियों का आयोजन किया गया।

पीएम आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत संविदा भर्ती के लिए आवेदन 10 अक्टूबर तक

सुकमा, 27 सितंबर । प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिला पंचायत सुकमा में जिला समन्वयक, आवास/प्रशिक्षण समन्वयक, लेखापाल तथा सहायक ग्रेड-03 एवं जनपद पंचायतों में विकासखण्ड समन्वयक, तकनीकी सहायक एवं डाटा एन्ट्री आपरेटर के संविदा रिक्त पद पर भर्ती हेतु वांछित अर्हताधारी एवं अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यार्थी 10 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 5:00 बजे तक कार्यालय, जिला पंचायत सुकमा ,छत्तीसगढ़ में केवल पंजीकृत डाक व स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते है। उक्त संविदा रिक्त पद पर चयन हेतु विस्तृत जानकारी पदों की संख्या, निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य जानकारी तथा आवेदन पत्र प्रारूप के लिए जिले के जनपद पंचायतों तथा कार्यालय जिला पंचायत सुकमा के सूचना पटल एवं जिले के अधिकारिक वेबसाईट द्धह्लह्लश्चह्य÷//222.ह्यह्वद्मद्बड्ड.द्दश1.द्बठ्ठ/ का अवलोकन कर सकते है।

नवीन उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 4 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

सुकमा, 27 सितंबर । कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव निर्देशानुसार जिले के अनुविभाग छिंदगढ़ अंतर्गत 01 नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटित किया जाना है। जिसके तहत विकासखण्ड छिंदगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोकावाड़ा के ग्राम जांगड़पाल में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक ग्राम पंचायत, स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वन सुरक्षा समिति या सहकारी अधिनियम के तहत पंजीकृत अन्य संस्थाएं उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छिन्दगढ़ में 04 अक्टूबर तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस बारे में विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छिन्दगढ़ में कार्यालयीन दिवस में संपर्क कर सकते है।

2 अक्टूबर को शुष्क दिवस घोषित

सुकमा, 27 सितंबर । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 62 तथा छत्तीसगढ़ आबकारी देशी व विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2002 के तहत वर्ष 2024-25 के देशी/विदेशी मदिरा लायसेंस शर्त की कंडिका-16 (16.1) के तहत् 02 अक्टूबर 2024 को ÷गांधी जयंती के अवसर पर ÷शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त दिवस को जिला-सुकमा की समस्त देशी/विदशी मदिरा दुकान सी.एस. 2 (द्य), एवं विदेशी मदिरा दुकान एफ.एल.1 (घघ) एवं सी.एस. 2 (ग-अहाता) सुकमा तथा एफ.एल. 7 सैनिक केन्टीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगी।

कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटिकरा छिंदगढ़ में कक्षा 9वीं में लेटरल एण्ट्री के लिए आवेदन आमंत्रित

सुकमा, 27 सितंबर । कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटिकरा छिंदगढ़ में लेटरल एण्ट्री के माध्यम से कक्षा 9वीं में प्रवेश दिया जाना है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री शरद चंद शुक्ला ने बताया कि कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटिकरा छिंदगढ़ में वर्ष 2024-25 हेतु कक्षा 9वीं में हिन्दी माध्यम में बालिका हेतु 02 सीट रिक्त सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने के इच्छुक विद्यार्थी आवेदन फार्म विद्यालय के कार्यलयीन समय में अधोहस्ताक्षरी से 28 सितंबर से पूर्व जमा किया जाना है। चयन प्रक्रिया 28 सितंबर 2024 को कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटिकरा छिंदगढ़ में निर्धारित की गई है। विस्तृत जानकारी हेतु आदिवासी विकास विभाग सुकमा एवं कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटिकरा छिंदगढ़ में संपर्क कर सकते है।

राशन कार्डधारियों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

सुकमा, 27 सितंबर । छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार और वन नेशन, वन राशनकार्ड के तहत माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार, जिले के सभी राशनकार्डधारियों को अपने राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्यों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। जिला खाद्य अधिकारी श्री जयवर्धन ठाकुर ने बताया कि राशनकार्ड में शामिल उन सदस्यों, जिनका अब तक ई-केवाईसी नहीं हुआ है, हितग्राही प्राथमिकता ई केवाईसी से पूरा करें। लाभार्थी अपने नजदीकी संचालित या किसी भी शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर जाकर राशनकार्ड और आधार कार्ड के साथ ई-केवाईसी करा सकते हैं। यह प्रक्रिया ई-पॉस मशीन के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी। उन्होनें अपील की कि सभी राशनकार्डधारी जल्द से जल्द अपना ई-केवाईसी सुनिश्चित करें, ताकि योजना का लाभ जारी रहें।

डीएमएफ मद से स्वास्थ्य विभागान्तर्गत कलेक्टर दर पर होगी भर्ती

दंतेवाड़ा, 27 सितंबर । कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न संस्थाओं में रिक्त पदों पर पूर्ति हेतु स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। जिसके लिये कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा स्वीकृति दी जा चुकी है। इस स्वीकृति के पश्चात् जिला चिकित्सालय एवं अन्य संस्थाओं में मानव संसाधन की कमी नहीं रहेगी। इन विभिन्न पदों पर व्यापक तौर से जिला खनिज न्यास निधि मद (डीएमएफ) के माध्यम से भर्तियां होंगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि ये नियुक्तियां शीघ्र करने हेतु तिथि अनुसार साक्षात्कार लिये जायेंगे।

एक नजर

यात्री बसों के लिए किराया एवं छूट प्राप्त हितग्राहियों के लिए गाइडलाइन जारी

बीजापुर 27 सितम्बर । छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा गाईडलाइन जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत वाहनों के प्रकार एवं निर्धारित शुल्क तय किया गया है। जिसके तहत साधारण बस सेवा के लिए 7ण्50 रूपए प्रति यात्री 05 किलोमीटर की दूरी तय के लिए और 1:25 रूपए प्रति यात्री प्रति किलोमीटर या उसके भाग के लिएए साधारण रात्रिकालीन बस सेवा के लिए साधारण बस सेवा के किराये का 10 प्रतिशत अधिक। डीलक्स बस सेवा के लिए लिए 7:50 रूपए प्रति यात्री 05 किलोमीटर की दूरी तय के लिए और 1:75 रुपए प्रति यात्री प्रति किलोमीटरए डीलक्स शयनयान कोच एवं अर्द्व.शयनयान कोच सेवा वातानुकूलन रहित के लिएए डीलक्स शयनशन के लिए 7:50 रूपए प्रति यात्री 05 किलोमीटर की दूरी के लिए और 1:94 रूपए प्रति यात्री प्रति किलोमीटर या उसके भाग के लिए तथा डीलक्स अर्द्व.शयनयान के लिए 7:50 रूपए प्रति यात्री 05 किलोमीटर की दूरी तय के लिए तथा तत्पश्चात सीटों के लिए 1ण्63 रूपए प्रति यात्री प्रति किलोमीटर एवं शॉयनयान ;बर्थद्ध के लिए 1ण्94 रूपए प्रति यात्री प्रति किलोमीटर। डीलक्स शयनयान कोच एवं अर्द्व शयनयान कोच सेवा वातानुकूलित रहित के लिएए डीलक्स शयनयान वातानुकूलन के लिए 7:50 रूपए प्रतियात्री 05 किलोमीटर की दूरी तक के लिए और तत्पश्चात 2:81 प्रतियात्री प्रति किलोमीटर या उसके भाग के लिए तथा डीलक्स वातानुकूलित अर्द्व शयनयान के लिए 7:50 प्रति यात्रीए 05 किलोमीटर दूरी के लिए तथा तत्पश्चात सीटों के लिए 2:38 प्रति यात्रीए प्रति किलोमीटर एवं शॉयनयान ;बर्थद्ध के लिए 2ण्81 प्रति यात्री प्रति किलोमीटर।संगणित किराए की कुल राशि में पचास पैसे से अधिक की किसी राशि को अगले उच्चतर रूपए में पूर्णांकित किया जाएगा और पचास पैसे से कम की राशि को छोड़ दिया जाएगा।एक परिचारक सहित को किराये से 100 प्रतिशत छूट दी जाएगीरू. दृष्टिहीन व्यक्तिए बौद्विक दिव्यांग व्यक्तिए दिव्यांग व्यक्ति जो दोनो पैरों से चलने में असमर्थ होए वरिष्ठ नागरिकए जिनकी उम्र 80 वर्ष या उससे अधिक होए एचआईव्ही एड्स से पीड़ित व्यक्ति। दोनों पैरों से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों अथवा शासकीय चिकित्सालय के अधिकारियों द्वारा जारी किए गऐ फटोयुक्त प्रमाण पत्र।एचआईव्ही एड्स से पीड़ित मरीज के लिए लिये जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अथवा छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समितिए रायपुर एण्आरण्टी केन्द्र या कैंसर अस्पताल के अधिकारियों द्वारा जारी किये गए फोटोयुक्त प्रमाण पत्र स्वीकार्य होगें तथा ऐसे प्रमाण.पत्र दिव्यांग व्यक्ति द्वारा यात्रा के दौरान बस के चालकध्परिचालक को प्रस्तुत किये जाएगें।ऐसे किसी व्यक्तिए जो छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी हो को संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक की अनुसंशा पर कलेक्टर द्वारा सम्यक रूप से जारी किया गया माओवाद से प्रभावित व्यक्ति का प्रमाण पत्र रखने पर राज्य के भीतर यात्री बस द्वारा यात्रा के दौरान 50 प्रतिशत किराये के भुगतान से छूट दी जाएगी ।

धान खरीदी में बड़ी अनियमितता, 1.40 करोड़ की आर्थिक क्षति पहुंचाने वाले 4 लोगों पर एफआईआर

रायगढ़, 27 सितम्बर। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी के दौरान आ.जा. सेवा सहकारी समिति मर्या. राजपुर के कर्मचारियों ने मिलीभगत कर बड़ी आर्थिक अनियमितता को अंजाम दिया है। इस समिति में भौतिक सत्यापन के दौरान धान के स्टॉक और बारदाना में बड़ी कमी पायी गई है। जिससे शासन को लगभग 1.40 करोड़ रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर अपेक्स बैंक, सहकारिता व खाद्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए संबंधित दोषी व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज करायी गई है। खाद्य अधिकारी श्री खुमेश्वर सिंह ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 समर्थन मूल्य में धान खरीदी के कार्य में आ.जा. सेवा सहकारी समिति मर्या. राजपुर पं.क्र. 101 वि.ख. लैलूंगा के कर्मचारियों समिति के प्रभारी प्रबंधक, खरीदी प्रभारी, कम्प्यूटर आपरेटर, सलीम भगत, संस्था के लिपिक दर्शन साव, फड़ प्रभारी मुरलीधर नाग एवं बारदाना प्रभारी आकाश भगत द्वारा आपसी मिलीभगत कर बड़ी अनियमितता किये जाने के कारण भौतिक सत्यापन में 4366.80 क्विटल धान (दर प्रति क्विटल 3100 रू.) कम एवं बारदाना कमी नया बारदाना 5459 नग (प्रति बारदाना 73.98 रू.), पुराना बारदाना 5459 नग (प्रति बारदाना 25 रू.) एवं पी.डी.एस. बारदाना 1340 नग (प्रति बारदाना 25 रू.) कुल धान कमी की राशि 1 करोड़ 35 लाख 37 हजार 80 रूपये एवं कुल बारदाना कमी की राशि 5 लाख 73 हजार 831.82 रूपये इस प्रकार कुल राशि 1 करोड़ 41लाख 10 हजार 911.82 रुपये की कमी पायी गई।

ग्रामीण बैंक पाण्डुका में चोरी की कोशिश गैस कटर से लॉकर तोड़ने का किया प्रयास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम, 27 सितंबर। पाण्डुका ग्राम पंचायत पांडुका में स्थित ग्रामीण बैंक के शाखा में एक बार फिर रात को चोरी की घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है यह घटना इस बैंक में दूसरी बार है इससे पहले 2021 में इसी अक्टूबर माह में पहले भी सेंधमारी की कोशिश की जा चुकी है। उस समय भी चोर चोरी करने में असफल हुआ था और इस समय भी असफल हुआ है ।सायरन बजने के कारण चोर भागने में सफल रहा पर ग्रामीण बैंक में हुई चोरी की घटना से फिर एक बार अंचल में लगातार खबरें वायरल हो रही है।दूसरी बार हुआ ग्रामीण बैंक में चोरी की घटना से सभी सकते में है। तो वहीं बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे एवं उसके डिवाइस को लेकर चोर भागे हैं। ताला टूटा हुआ है और लॉकर रूम में रखे पैसे को गैस कटर से तोड़ने की कोशिश किया है।पहले भी धावा बोला था।हालांकि और इस बार भी लॉकर खोल पानी में कामयाब नहीं हुए। खबर मिलते ही स्थानीय पांडुका पुलिस जांच एवं कार्रवाई में जुट गए हैं। लगातार हो रहे ग्रामीण बैंक में चोरी की घटना को लेकर अंचल तरह तरह के।चर्चा हो रहा है ।और बैंक में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। हल ही में गरियाबंद में भी एटीएम में भी इसी तरह लुट की कोशिश किया गया था।

फुटु खोदने जंगल गए युवक को हाथियों ने कुचल कर मारा

राजिम (फिंगेश्वर),27 सितंबर। वन परिक्षेत्र कार्य कार्यालय फिंगेश्वर के सोरीद , करपी दादर के जंगल में तीन दन्तेल हाथियों के समूह ने एक 45 वर्ष युवक कुमार भुजिया पिता शखा राम भुजिया निवासी सोरिद भुजियापारा को मौत के घाट उतार दिया है बताया जाता है कि परिवार वालों ने युवक को जंगल जाने से मना किया था और जंगल में हाथी विचरण कर रहा है करके सचेत भी किया था पर जिद में युवक हमेशा की तरह जंगल में फूटू उखाड़ने निकला हुआ था और उसका सामना तीन हाथियों से हो गया तीनों दनतेल हाथियों से मौत के घाट उतार दिया जिसमें उसका शरीर छत विक्षत हो गए और शरीर में एक कपड़े भी नहीं छोड़े सुबह लगभग 4 से 5 बजे के बीच फूटू तोड़ने करपी दादर के जंगल की ओर निकला था और इसी बीच यह घटना हुई हाथियों के मौत के मामले में गरियाबंद जिले में लगातार ग्राफ बढ़ता जा रहा है जिसमें वन विभाग द्वारा हमेशा समय रहते सचेत करने के बावजूद भी लोग अपनी मनमानी से अपने हाथों अपनी जान गवा रहे हैं जबकि कई दिनों से गरियाबंद जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हाथियों का दल विचरण कर रहा है इसकी जानकारी समय-समय पर विभाग के माध्यम से दिया जा रहा है बावजूद उसके लोग अब भी सचेत नहीं हो रहे और अपने हाथों अपनी जान गवा रहे हैं। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों हाथी महासमुंद जिला की ओर बढ़ रहे और संभवत आज रात्रि महासमुंद जिला में प्रवेश कर सकता है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से बच्चों का सपना हुआ साकार

बीजापुर 27 सितम्बर । नगरपालिका बीजापुर अर्न्तगत प्रधानमंत्री आवास योजनार्न्तगत स्वीकृत मकानों का निर्माण तीव्र गति से हो रहा है। नगरपालिका के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अधूरे आवास को समय-सीमा में पूर्ण कराने लगातार हितग्राहियों को प्रेरित किया जा रहा है, जिससे आवास निर्माण में प्रगति हो रही है।वहीं हितग्राहियों में भी आवास निर्माण को लेकर गंभीरतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 12 निवासी हितग्राही श्रीमती राजेश्वरी अल्सा ने बताया कि उसका पति श्रीनिवास अल्सा कुली-मजदूरी का काम करते हैं और राजेश्वरी स्वयं साग-सब्जी बेचने बीजापुर, आवापल्ली, गंगालूर सहित आस-पास के बाजारों में जाती है। राजेश्वरी और श्रीनिवास के तीन बच्चे हैं बड़ी बेटी प्रिया 11वीं, छोटी बेटी नेहा 9वीं और छोटा बेटा रौनक कक्षा दूसरी में अध्ययनरत है। राजेश्वरी बताती है दोनो की कमाई से बच्चो के परवरिश पढ़ाई-लिखाई हो जाता है। किंतु घर बनाने का हम लोग कभी सोचे नहीं थे बरसात के दिनों में कच्चे एवं खपरैल वाले मकान से पानी टपकता था जिससे बच्चे परेशान होकर पक्का घर बनाने की जिद करते थे। हमें समझ नहीं आता था कि बच्चों की ख्वाहिश को कैसे पूरा करें। तभी प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिली और आवास भी स्वीकृत हुआ। थोड़ी-थोड़ी बचत करके रखे पैसे और प्रधानमंत्री आवास योजना से मिली राशि का सही उपयोग करके हमने पक्का घर बनाया। आज बच्चों की चेहरे पर मुस्कान है और उनको खुश देखकर हम भी बहुत खुश है कि हमारा स्वयं का अपना पक्का आवास बन गया।महतारी वंदन योजना का मिल रहा लाभ- राजेश्वरी को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। जिससे वह अपने साग-सब्जी के व्यापार में लगाकर आय अर्जित कर रही है। प्रधानमंत्री आवास और महतारी वंदन योजना से घर परिवार में खुशी का माहौल है। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने में स्वयं को सक्षम महसूस कर रहे हैं। श्रीनिवास और राजेश्वरी ने खुश होकर अपने पूरे परिवार की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद ज्ञापित कर कहते हैं कि प्रदेश के मुखिया के बदौलत हम अपने बच्चों का सपना पूरा कर रहे हैं।

कलेक्टर ने किया भैरमगढ़ ब्लॉक का औचक निरीक्षण

बीजापुर 27 सितम्बर । कलेक्टर श्री संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने भैरमगढ़ ब्लॉक के विभिन्न विकास कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान सर्वप्रथम भैरमगढ़ एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में जिला स्तरीय एकलव्य विद्यालय की समीक्षा बैठक ली जिसमें कलेक्टर ने एकलव्य विद्यालयों में विद्यार्थियों के दर्ज बढ़ाने, शिक्षा में गुणवत्ता लाने सहित बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं विद्यालयों की समस्या से भी अवगत हुए जिसमें प्राचार्य द्वारा बारिश के दौरान सीपेज एवं पेयजल की समस्या से अवगत कराया जिसपर त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़ के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया दैनिक ओपीडी, दवाईओं की उपलब्धता सहित स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लैब को सशक्त करने के निर्देश भी दिए।ग्राम पंचायत जांगला के अवलोकन के दौरान अपूर्ण कार्यो को जल्द पूर्ण करने को कहा। वहीं बालिका पोटाकेबिन में सभी खिड़कियों में मच्छर से बचाव हेतु जाली लगाने के निर्देश दिए। मध्यान्ह भोजन के मीनू का पालन नहीं किए जाने पर अधीक्षिका को सख्त निर्देश देते हुए मीनू शतप्रतिशत पालन करने को कहा।तत्पश्चात ग्राम पंचायत कुटरू के तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। वहीं मौके पर उपस्थित सरपंच से गांव की समस्या का जायजा लिया सरपंच द्वारा कुटरू में बैंक नहीं होने की समस्या बताने पर बैकिंग व्यवस्था हेतु आवश्यक उपाय करने की बात कही। निर्माणधीन सामुदायिक शौचालय का निर्माण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।इस दौरान एसडीएम भैरमगढ़ श्री विकास सर्वे, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डॉ. आनंद सिंह, सीईओ जनपद पंचायत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

नंदेली में ओडिशा की अवैध शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

रायगढ़, 27 सितम्बर। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले में अवैध शराब बिक्री, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम हेतु आबकारी विभाग को निर्देश दिए हुए है। उक्त निर्देश के परिपालन में अन्य राज्य की अवैध शराब विक्रय की सूचना मिलने पर आबकारी वृत्त रायगढ़ (उत्तर) अन्तर्गत ग्राम नंदेली थाना कोतरारोड में आबकारी विभाग के संयुक्त दल द्वारा कार्यवाही की गई। आरोपी डिलक राम साहू के अधिपत्य से घर में छुपा कर रखी हुई 6 नग मेकडावेल नंबर वन व्हीस्की पाव, 70 नग किंग फिशर बियर केन (केवल ओड़िसा में विक्रय हेतु लेबल लगा) एवं 122 नग गोवा स्पेशल व्हीस्की पाव समेत कुल 58.040 लीटर मदिरा जप्त की गई।

अग्रसेन चौक पर आरती के साथ जयंती के कार्यक्रमों की शुरूवात

पत्थलगांव, 27 सितंबर। अग्र समाज के कुल पुरूष भगवान अग्रसेन जी की 52वीं जयंती मनाने के कार्यक्रमो की आज शुरूवात हो गयी। सैकडो की संख्या मे अग्र बंधु रायगढ रोड स्थित भगवान अग्रसेन चौक पर इकटठा हुये थे। झमाझम बारिश ने कार्यक्रम मे विघ्न डालने की भरपूर कोशिश की परंतु भगवान अग्रसेन जयंती की शुरूवात मे अग्र बंधुओ के हौसंलो को बारिश डगमगा नही पायी। भरी बारिश के बीच अग्र बंधुओ ने अपने कुलपुरूष भगवान अग्रसेन की आरती कर वहा से लाल ध्वज थामे पैदल यहा के अग्रसेन भवन तक पहुंचे,जहा पुनः अग्रसेन भवन मे स्थापित भगवान अग्रसेन की आरती की गयी। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष परशुराम अग्रवाल ने रिबन काटकर जयंती के कार्यक्रमो की शुरूवात करायी। इस दौरान सचिव अनिल मित्तल,उपाध्यक्ष मनमोहन गोयल,प्रवीण गर्ग,सरंक्षक पवन अग्रवाल,सत्यप्रकाश अग्रवाल,सुंदर गर्ग,सहकोषाध्यक्ष खजांची अग्रवाल,सहसचिव नरेश अग्रवाल,कोषाध्यक्ष रामनिवास जिंदल,नवयुवक समिती के अध्यक्ष संस्कार अग्रवाल,सचिव वेदांत मित्तल,कोषाध्यक्ष श्याम अग्रवाल,महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज अग्रवाल,उपाध्यक्ष नेहा गोयल एवं अन्य अग्र बंधु व महिलायें मौजुद थी। आज के कार्यक्रम की शुरूवात मे नवयुवक समिती के अध्यक्ष संस्कार गर्ग एवं सचिव वेदांत मित्तल ने सभी प्रतियोगियो को कार्यक्रम मे भाग लेने की शुभकामनायें दी। उनका कहना था कि जयंती के आगाज को लेकर होने वाले सभी कार्यक्रमो मे भाग लेने वाले प्रतियोगी समाज की एकता को प्रदर्शित करने का काम करते है। जीत हार एक पहलु हो सकता है,परंतु सभी आयोजन जयंती की खुशहाली बढाने का काम करेगी। आज नवयुवक समिती ने जयंती की पहली प्रतियोगिता मीठा बनाओ संपन्न करायी,जिसमे प्रथम स्थान पर निधी पिता नरेश सिंघल,दूसरे स्थान पर अंशु पति राकेश अग्रवाल एवं तीसरे स्थान पर पदमिनी पति सचिन मित्तल ने प्रतियोगिता अपने नाम करी। आज नवयुवक समिती ने आई.पी.एल की तर्ज पर होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता मे बोली लगाकर टीम का चयन किया,जिसमे सैकडो अग्रवाल नवयुवको की उनके काबिलियत के अनुसार टीम संचालक ने बोली लगाकर उन्हे अपनी टीम मे शामिल किया।

जिले में 1055 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़, 27 सितम्बर। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 26 सितम्बर तक 1055 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 34.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1309.3 मिली मीटर, पुसौर में 1154.7 खरसिया में 1002.4, घरघोड़ा में 1112.4, तमनार में 959.9, लैलूंगा में 932.1, मुकडेगा में 987.3, धरमजयगढ़ में 959 छाल में 1043.8 एवं कापू में 1089 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के तहत न्यायालय परिसर की साफ-सफाई

रायगढ़, 27 सितम्बर। छ.ग. उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार तथा महात्मा गांधी के जन्म दिवस 02 अक्टूबर 2024 को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा दिवस के रूप में मनाये जाने के लिये निर्देश प्राप्त हुए है। इस अभियान के तहत जिला न्यायालय परिसर रायगढ़ में अध्यक्ष/प्रधान न्यायाधीश, न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण ने अध्यक्ष/प्रधान न्यायाधीश श्री जितेन्द्र कुमार जैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के नेतृत्व में न्यायालय परिसर की साफ -सफाई की गई तथा वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री जितेन्द्र कुमार जैन द्वारा सभी को संबोधित करते हुये स्वच्छता ही सेवा के महत्व को बताते हुये कहा जीवन में साफ -सफाई का होना अत्यन्त आवश्यक है, साफ-सफाई न केवल अपने घर की कार्यस्थल की वरन अपने मन की सफाई करनी चाहिए। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है अतः अपने घर और कार्यस्थल पर हमेशा साफ -सफाई बनाये रखना जरूरी है।इसके साथ ही उन्होनें उपस्थित सभी जनों को स्वच्छता एवं साफ -सफाई बनाये रखने के लिए शपथ दिलाई, स्वच्छता ही सेवा के महत्वपूर्ण अभियान में मुख्य रूप से परिवार न्यायालय के न्यायाधीश श्री प्रबोध टोप्पो, अन्य समस्त न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण तथा न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वच्छता ही सेवा अभियान में न्यायाधीशगणों के द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।न्यायाधीशों एवं विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता ही सेवा की निकाली गई विशेष रैली स्वच्छता अभियान को और बेहतर तथा सजग बनाने के लिए इसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय चक्रधर नगर रायगढ़ के बच्चों के साथ स्वच्छता का संदेश देने के लिये स्वच्छता रैली निकाली गई।

तेंदुए की खाल ले जाते आरोपी तेंलगाना में पकड़ाया

भोपालपटनम, 27 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। तेंदुए की खाल बेचने छत्तीसगढ़ से पड़ोसी राज्य तेलंगाना जा रहा एक आरोपी खाल के साथ पकड़ा गया है। पकड़ा गया आरोपी भोपालपटनम के उल्लूर गांव का रहने वाला बताया गया है। राज्य से सटे तेलंगाना पुलिस ने बुधवार को तेंदुए की खाल के साथ गिरफ्तार किया है। कुछ माह पहले भी तेलंगाना चेंनूर के पास छत्तीसगढ़ का आरोपी पकड़ा गया था, जिसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है।पुलिस के मुताबिक, सूचना के आधार पर एटूनगरम एएसपी शिवम उपाध्याय, सीआई वेंकटपुरम बंडारी कुमार, ए. इपेरुजी, कृष्णप्रसाद और एफआरओ वाजेदु बी चंद्रमौली तथा उनके स्टाफ दोपहर करीब दो बजे चंद्रौपाटला मार्ग पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति छत्तीसगढ़ की तरफ जा रहा था। रास्ते में उसे रोका गया। जब उसने एक भूरे रंग का बैग खोला तो उसमें तेंदुए की खाल थी। एफआरओ ने उसे तेंदुए की खाल के रूप में पहचाना। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ की गई तो उसने स्वीकार करते हुए बताया कि उसने छत्तीसगढ़ से तेंदुए की खाल लाकर तेलंगाना में बेचने की कोशिश में था। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम जदी महेंद्र पुत्र रमैया 40 वर्ष, निवासी ऊल्लुर ब्लाक भोपालपट्टनम जिला बीजापुर, छत्तीसगढ़ का निवासी बताया है।

आयुष्मान पखवाड़ा के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

बीजापुर, 27 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार पूरे राज्य में आयुष्मान पखवाड़ा 20 से 30 सितंबर तक मनाया जा रहा है इस दौरान विभिन्न गतिविधियां की जा रही है जिसमे आपके द्वार आयुष्मान अभियान सभा के तहत छुटे हुए लोगों का निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान चौपाल सभा इसमे सरपंच, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से समस्त मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को योजना के संबंध में सामान्य जनता में जागरूकता बढ़ाने हेतु आयोजन, योजनान्तर्गत पंजीकृत चिकित्सालयों के माध्यम से जिले में बधाई समारोह, जिसमें उनके द्वारा किये गए चिकित्सा लाभ हेतु पुरस्कृत किया जाना, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य जांच जिसमे शिविर के माध्यम से लोगों का जांच किया जाना, आयुष्मान भारत सायकिल, बाइक रैली जिसमे सायकल या बाइक से रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन, जिसमे बच्चों को योजना के बारे में कुछ विषय देकर प्रतियोगिता किया जाना और अच्छे लिखने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाना, स्वास्थ्य के लिए दौड़, जिसमे लोगों को दौड़ के माध्यम से जागरूक किया जाना, मिडिया मैनेजमेंट, जिसमे जिले के जनप्रतिनिधियों से योजना के बारे में प्रचार प्रसार किया जा रहा है।इसी क्रम में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन में 25 सितंबर को स्वामी आत्मानंद स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें कुमारी श्रद्धा ने प्रथम स्थान हासिल की एवं कुमारी भूमिका दीवान ने द्वितीय स्थान हासिल की और कुमारी प्राची पोर्ते ने तृतीय स्थान हासिल की।निबंध प्रतियोगिता में शिक्षक-शिक्षिकाएं प्राचार्य सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु बना बच्चों के लिए वरदान

बीजापुर, 27 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जिला बीजापुर अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी एवं श्री रंजन मिश्रा जिला कार्यक्रम प्रबंधक जिला बीजापुर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के अंतर्गत चिन्हांकित एवं लाक्षणिक बच्चों का शासन के द्वारा निर्धारित उच्च संस्थान शासकीय मेडिकल कॉलेज जगदलपुर व श्री मेडीशाइन अस्पताल रायपुर में सफलतापूर्वक इलाज कराया गया।जिसमें यश तामड़ी उम्र 16 दिन (पुरूष) पिता महेन्द्र तामड़ी, ग्राम-गुनलापेटा भोपालपटनम, बिमारी का नाम-जन्मजात पैर की विकृति 1 अप्रैल 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भोपालपटनम में बाएं पैर के जन्मजात पैर की विकृति के बच्चे का जन्म हुआ जिसे देखकर बच्चे के माता पिता को दुःख हुआ किंतु चिरायु टीम द्वारा उन्हें समझाया गया कि इस तरह के बच्चों का सफल उपचार होता है और वह बाकी बच्चों की तरह सामान्य जीवन यापन करेगा उसके पश्चात् 23 अप्रैल 2024 को मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में डॉ. चेलापति राव (बीएमओ भोपालपटनम) के मार्गदर्शन में चिरायु टीम के द्वारा कास्टिंग प्रोसिजर (पीओपी) कराया गया।इसी तरह नीला वाचम उम्र 09 वर्ष (बालिका) पिता मोती राम, ग्राम-जारामरका भैरमगढ़ जन्मजात कटे होंट से पीड़ित थी जिसे 20 मई 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़ की चिरायु टीम का दौरा कन्या रेसीडेंसियल बेदरे में हुआ जहां पर नीला वाचम नामक बच्ची जन्मजात कटे-फटे होंठ से ग्रसित थी चिरायु टीम द्वारा माता पिता को समझाया गया कि इस प्रकार के बच्चों का सफल उपचार होता है और वह बाकी बच्चों की तरह सामान्य जीवन यापन करेगी उसके पश्चात 25 मई 2024 को श्री मेडीशाइन अस्पताल में डॉ. रमेश तिग्गा (बीएमओ) भैरमगढ़ के मार्गदर्शन में चिरायु टीम के द्वारा सर्जरी कराया गया।उक्त दोनो बच्चों के बेहतर इलाज कर सामान्य बच्चों की श्रेणी में लाने के लिए चिरायु की टीम को बच्चों के माता-पिता ने खुशी जाहिर करते हुए टीम को धन्यवाद दिया।बीजापुर जिले में बच्चों को बेहतर ईलाज और जन्मजात विकृति को दूर करने उच्च संस्थाओं में भेजा जाता है ताकि जन्मजात विकृत एवं अन्य गंभीर बीमारी से ग्रस्त बच्चों को सामान्य बच्चों की श्रेणी में लाने के लिए बेहतर कार्य कर रही है।

वाहन की ठोकर से बाल आरक्षक की मौत

बीजापुर,27 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बोलेरो वाहन की ठोकर से आज बाल आरक्षक आर्दश पुनेम की मौत हो गई है मिली जानकारी के अनुसार बाल आरक्षक अपनी बाईक से जा रहा था इसी दौरान पीछे से आ रही बोलेरो वाहन ने उसे जोर से टक्कर मारी घटना के तुरंत बाद घायल बाल आरक्षक आर्दश पुनेम को जिला अस्पताल लाया गया जहां उपचार के दौरान आर्दश पुनेम ने दम तोड दिया बाल आरक्षक 10 वी छात्र था सात वर्ष पूर्व उसके सहायक आरक्षण पिता को पदेडा बाजार मे नकसलियों ने मार दिया था शहीद पिता के आकस्मिक म्रुत्यु के बाद उसके लडके को अनुकंपा नियुक्ति के तहत बाल आरक्षक के तौर पर पुलिस विभाग मे नौकरी मिली थी लेकिन होनी को कौन जानता है परीक्षा की तैयारी के लिए निकला था पर उसे मौत मिली ठोकर मारने वाली वाहन किसी शंकर नाग की बताई गई है मृतक बाल आरक्षक का आज उसके ग्रृह ग्राम चेरपाल मे अंतिम संस्कार किया गया पुलिस ने अपराध कायम कर जांच शुरू दी है।

तिल्दा-नेवरा में उल्लास अनुदेशक प्रशिक्षण का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



तिल्दा-नेवरा, 27 सितम्बर। विकास खण्ड साक्षरता मिशन प्राधिकरण तिल्दा के अन्तर्गत 24 ग्राम पंचायत व 10 वार्ड नगर पालिका परिषद के 330 अनुदेशकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सात संकुल केन्द्रों में आयोजित किया गया।संकुल केंद्र भूमिया, तरपोंगी, सरोरा, खौना, रायखेड़ा, बी एन बी नेवरा और टंडवा में अनुदेशक उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किए।

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में दसवीं या बारहवीं के विद्यार्थी दस असाक्षरों को 200 घंटे पढ़ाकर परीक्षा महाभियान में सफल कराने पर बोनस अंक के रूप में 10 अंक प्रदान किया जाएगा जिसके लिए उपयुक्त प्रपत्र को भरकर जिला कार्यालय को प्राचार्य द्वारा अग्रेषित कराना होगा।

असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के साथ-साथ डिजिटल, वित्तीय, कानूनी, व्यवसायिक जीवन कौशल आदि के संबंध में जानकारी दिया जाएगा।मास्टर ट्रेनर के द्वारा अनुदेशक मार्गदिर्शका, उल्लास प्रवेशिका के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपरोक्त जानकरी भागीरथी पान्से ब्लॉक नोडल अधिकारी विकास खण्ड साक्षरता मिशन प्राधिकरण तिल्दा ने देते हुए बताया कि सहायक नोडल अधिकारो शिवप्रसाद बर्मन के साथ प्रशिक्षण स्थल का मॉनिटरिंग किया गया। उल्लास साक्षरता केंद्र तिल्दा का शुभारंभ एस एम सी अध्यक्ष रानी गोस्वामी के द्वारा किया गया।मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अध्यक्ष विवेक गोस्वामी विकास खण्ड साक्षरता मिशन प्राधिकरण तिल्दा एवं विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव एल के जाहिरे विकास खण्ड साक्षरता मिशन प्राधिकरण तिल्दा द्वारा मार्ग दर्शन प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण को सफल बनाने में मास्टर ट्रेनर निर्मल साहू, सुशील कोसले, जानकीदुलारी वर्मा, वीणा श्रीवास, पुष्पा शर्मा, भीखम साहू, यशोदा ध्रुव, तारकेश्वर नायक, मदनलाल देवांगन, यशोदा वर्मा, नरोत्तम मानिकपुरी, राजूलाल पाठक, हेमलता साहू, छाया वर्मा, और बोहित कुमार ध्रुव का योगदान रहा।सभी संकुल समन्वयक का कार्यक्रम को सफल बनाने में अपेक्षित सहयोग मिला। असाक्षर अपने समय और सुविधानुसार स्थान में पढ़ाई कर मार्च 2025 के परीक्षा महाभियान में शामिल हो सकते हैं।

समाचार संक्षेप

भेंड़सर मोड़ से चखना सेंटर हटवाने ग्रामीणों ने की मांग

भखारा, 27 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर पंचायत भखारा में विगत कई वर्षों से देशी एवं विदेशी शराब दुकान संचालित हो रहे है जिसके चलते अंवरी, पुरेना, जोरातराई, सिंगदेही, भेंड़सर व आसपास के मदिरा प्रेमी भखारा स्तिथ देशी एवं विदेशी शराब दुकान आते है और भेंड़सर मोड़ के पास चखना सेंटर में शराब सेवन करते है भेंड़सर मोड़ में स्तिथ चखना सेंटर में शराब दुकान खुलने से पूर्व ही सुबह 7 बजे से अवैध रूप से शराब की बिक्री शुरू हो जाता है जहां से शराब लेकर बड़े पैमाने में चखना सेंटर में बैठ जाते है और भखारा से भेंड़सर जाने वाले राहगीरों को परेशान करते रहते है जिससे रास्ते में चलने वाले राहगीरों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है बता दें कि भखारा नगर पंचायत होने के साथ-साथ तहसील भी है और यहां बड़ी संख्या में आसपास के लोगों को तहसील ऑफिस, थाना, कॉलेज, स्कूल, बैंक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैसे तमाम सरकारी दफ्तर में अपना काम लेके आते है लेकिन भेंड़सर मोड़ में स्तिथ चखना सेंटर होने के कारण वहां से गुजरने वाले स्कूली बच्चों व महिलाओं के साथ छेड़छाड़ जैसे घटनाओं की अनहोनी बना रहता है शराब की नशे में धुत शराबी बोतल को भी सड़क एवं आसपास के खेतों में चकनाचूर कर देते हैं जिसके कारण जोरातराई, सिंगदेही व भेंड़सर सहित आसपास के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है उक्त चखना सेंटर परेशान जोरातराई और भेंड़सर के पंचायत पदाधिकारियों ने चखना सेंटर हटाने नगर पंचायत और थाना भखारा को लिखित शिकायत दी है वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तत्काल इसका निराकरण नहीं किया गया तो चक्का जाम किया जायेगा जिसके जिम्मेदार स्वयं प्रशासन रहेंगे।

पितृपक्ष में पूर्वजों की स्मृति में पेड़ लगाना पुण्य का कार्य : साहू

भखारा, 27 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बुधवार को पितृपक्ष नवमी तिथि के पावन पर्व पर ग्राम गुजरा में पूर्वजों एवं माताओ के स्मृति एवं श्राद्ध मे पौधारोपण किया गया जिमसें ग्राम गुजरा के तालाब पार में नीम, कदम्ब, पुजा सुपारी आदि जैसे विभिन्न पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्रकृति प्रेमी क्षेत्र के जिला पंचायत सभापति गोविंद साहू ने कहा कि अपने पूर्वजो की स्मृति मे कीर्ति स्मारक बनाते है जिसमे काफी खर्च आता है और धीरे-धीरे इसका महत्व भी कम हो जाता है आवश्यक संरक्षण ना मिले तो टूट कर खंडहर हो जाता है

इस दृष्टि से वृक्षों के कीर्ति स्तंभ अधिक सुंदर हो सकते है इसमें खर्च भी कम होता है अपने पूर्वजों की स्मृति में पेड़ लगाना बहुत ही सरल व आसान कार्य है और बहुत पुण्य का कार्य है। जिपं सभापति गोविंद साहू ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने पूर्वजों की स्मृति में पौधे अवश्य लगाये और उसे देखरेख कर तैयार करे जो अपने स्वर्गीय पूर्वजों के लिए एक अच्छा श्राद्ध के रूप मे यादगार रहेगा तथा लोगों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा। इस पौधारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुजरा गायत्री परिवार प्रमुख रेखराम साहू, वरिष्ठ नागरिक प्रहलाद साहू, मनहरण गंजीर, वृक्षमित्र चुरण लाल साहू, मुनीराम निषाद, रामगुलाल ध्रुव, रेवाराम साहू उपस्थित रहे।

एक नजर

भखारा में सात दिवसीय राजयोग अनुभूति शिविर 6 अक्टूबर से

भखारा, 27 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय भखारा के तत्वाधान में सात दिवसीय राजयोग अनुभूति शिविर का आयोजन 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक किया गया है जिसके तैयारी में ब्रम्हाकुमारी भाई बहन जुटे हुए हैं।

सिमगा, 27 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राज्य शासन द्वारा गौ पालकों को निशुल्क रेडियम पट्टा वितरण किया गया। मिली जानकारी के अनुसार राज्य शासन द्वारा नगर के पशु चिकित्सालय के माध्यम से गायों की जीवन रक्षा के उद्देश्य से गौ पालकों को निशुल्क रेडियम पट्टा वितरित किया जा रहा है, जिससे कि पशुओं को आकस्मिक दुर्घटना से बचाया जा सके।

छह आपदा पीड़ित परिवारों को 24 लाख रूपये की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार, 27 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्राकृतिक आपदा से छह मृत व्यक्ति के निकट परिजन के लिए 24 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। छह व्यक्ति के लिए 24 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राही में उमेश कुमार वर्मा पिता मारखण्डे वर्मा निवासी ग्राम खोलवा, संतराम सौरा पिता चुल्हू सौरा निवासी डेरा संत रविदास वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा, दिलीप कुमार कुर्रे पिता कार्तिकराम कुर्रे निवासी जंगलोर, छगनलाल साहू पिता दुकलहा साहू निवासी ग्राम बलौदी तहसील पलारी, सोनाराम पटेल पिता साधराम पटेल निवासी गोरधा, रथराम साहू पिता मोहनलाल साहू निवासी ग्राम कसडोल तहसील कसडोल शामिल हैं। हितग्राही के निकट परिजन के कुंआ, तालाब एवं गड्ढे के पानी में डूबने से मौत तथा आग में जलने के कारण हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित परिवार के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

सिमगा-प्लांट में सुरक्षा मानकों की अनदेखी के चलते मजदूर की दर्दनाक मौत

परिजन और मजदूर बैठे धरने पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 27 सितम्बर। तहसील सिमगा और हथबंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रिंगनी में स्थित ए, पी, एल, अपोलो स्टील प्लांट में बड़ा हादसा होने के कारण एक मजदूर रविन्द्र यादव की लोहे के वजनी पाइप के बीच दबने से बीते शाम उसकी दर्दनाक मौत हो गई।कंपनी प्रबंधन के लोग अपनी नाकामी छिपाने के उद्देश्य से मजदूर की मौत के बाद मृत शरीर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिमगा लाए थे, घटित घटना से गुस्साए मजदूर साथी और परिजन बड़ी संख्या में स्टील प्लांट के गेट के सामने धरना प्रदर्शन कर एक करोड़ रुपए मुआवजा एवं परिवार के दो सदस्यों को आजीवन पेंशन देने की मांग कर रहे थे। सूत्रों के अनुसार मांग को लेकर मजदूर संगठन और कंपनी प्रबंधन के बीच देर रात को 35, लाख रुपये का मुआवजा एवं अन्य मांगें पूरी होने के बाद मजदूर संगठन और परिजनों ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया है। मजदूरों के प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में बलौदाबाजार, हथबंद, सुहेला, सिमगा के पुलिस बल की तैनाती की गई थी, क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव सहित उनके समर्थक भी धरना स्थल पर दिन भर डटे रहे और उचित मुआवजे की मांग की। विदित हो कि अपोलो स्टील प्लांट प्रबंधन द्वारा काम के दौरान मजदूरों की सुरक्षा ब्यवस्था पर शुरू से ही लापरवाही बरती जा रही है, प्लांट में सुरक्षा मानकों की पूरी तरह से अनदेखी की जा रही है, जिसके चलते इसके पहले भी छोटे बड़े कई हादसे हो चुके हैं, किन्तु प्रभावशाली प्लांट प्रबंधन द्वारा मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है।वहीं बलौदाबाजार जिला एवं उद्योग प्रशासन व सिमगा के राजस्व अनुविभाग प्रशासन तहसील प्रशासन द्वारा प्रबंधन के विरुद्ध उचित कार्यवाही नहीं करते हुए मामला रफादफा कर दिया जाता है, अब सवाल यह उठता है कि आखिर प्रभावशाली उद्योग प्रबंधन के दबाव में नौकरशाहों द्वारा मजदूरों की होती जा रही मौत के मामले को रफा-दफा की जाती रहेगी, । देखना यह होगा कि इस दर्दनाक घटना के बाद राज्य शासन और जिला प्रशासन द्वारा सिमगा क्षेत्र के उद्योगों में बढ़ती जा रही सुरक्षा लापरवाही पर क्या कदम उठाती है या फिर समय के सांथ जांच की फाइलों में धूल जमा होकर सालों तक पड़ी रह जाएगी, जैसा कि अब तक होते आया है।

हमर स्वस्थ लइका के थीम पर 11 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई 10 बच्चों का कराया गया अन्नप्राशन

बलौदाबाजार, 27 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में महिला बाल विकास विभाग द्वारा आज परियोजना कार्यालय बलौदाबाजार में परियोजना स्तर में पोषण माह का आयोजन किया गया। जिसमें हमर स्वस्थ लइका के थीम पर 11 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई सहित 10 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया है।

इस अवसर में जनपद अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुति गर्भवती महिलाओं को पोषण भरा टोकरी विभाग की ओर से प्रदान किया गया। इसके साथ ही एक पेड़ मां के नाम के तहत परियोजना कार्यालय में अतिथियों के द्वारा पेड़ लगाए गए। परियोजना स्तरीय इस कार्यक्रम मे जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला बाल विकास अधिकारी व जिला पोषण समन्वयक एम्स सरस्वती चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

शशांक चौबे बनाए गए गोविंद सारंग विधि कालेज के विधायक प्रतिनिधि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 27 सितम्बर। विधायक इंद्र साव के द्वारा विधि के पूर्व छात्र कर्मठ, जुझारू , मिलनसार, शशांक चौबे को गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। शशांक चौबे ने बताया कि उनका प्रथम प्रयास रहेगा, छात्र हित में यथा संभव प्रयास करना महाविद्यालय के हर एक छोटे-बड़े समस्या का यथाशीघ्र निराकरण करना। ज्ञात हो कि शशांक चौबे भी विधि के छात्र रह चुके हैं। बतौर विधि के छात्र वह शहर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं। राजनीति पृष्ठभूमि से आने वाले चौबे, शुरू से ही छात्र हित की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं।

महाविद्यालय के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने के बाद शशांक के ऊपर दायित्व है कि, अब वह महाविद्यालय को एक नए आयाम तक ले जाने का प्रयास करेंगे। विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने पर महाविद्यालय परिवार द्वारा उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की और उज्जवल भविष्य की कामना की गई साथ ही कार्यकर्ताओं मे प्रमुख रूप से जितेंद्र शर्मा, जीत नारायण साहू, विमल मानिकपुरी, विक्की सिंह ठाकुर, मनमोहन कुर्रे,

मोहन निषाद, आकिब मेमन, शादाब, हरिश लहरे, सत्यजीत शेंडे, मुकेश हैवार, साहिल साहू, अमित मरकंडे, विधि के छात्र मुकेश सिन्हा, आयुष तिवारी के अलावा बाकी सभी ने शशांक की नियुक्ति पर हर्ष प्रकट किया और उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

जिला जेल में 35 बंदियों का इलाज

बलौदाबाजार, 27 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार जेल में परिरुद्ध बंदियों के ईलाज हेतु आयुर्वेद चिकित्सा निदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य मंगलवार को जिला आयुर्वेद कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा जिला जेल बलौदाबाजार में आयुर्वेद चिकित्सा निदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 35 बंदियों एवं जेल स्टॉफ का पुराना सर्दी, खांसी, ज्वर, चर्मरोग, उदररोग, उच्च रक्त चाप, मधुमेह का आयुर्वेद पद्धति से रहन -सहन खान- पान, पथ्य-अपथ्य की जानकारी देकर ईलाज किया गया। शिविर में वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ एल एस ध्रुव, फार्मासिस्ट सीताराम सांडे, औषधालय सेवक योगेंद्र गेंन्ड्रे उपस्थित थे।

एनएमडीसी NMDC

NMDC Ltd
(A Government of India Enterprises)
BIOM, BACHELI COMPLEX,
PO: BACHELI, DIST DANTEWADA (CG) 494553

OPEN TENDER NOTICE

Tender Enquiry No: NMDC/Bacheli/ MM/7/24-25/ET/454 Date: 27.09.2024

Item Description : Sale Order to lift the Used oil with drum for a period of one year
Estimated off Take : Rs. 96.57 Lakhs

Tender Viewing period : From 26.09.2024 to 10.10.2024 (up to 3PM)
For complete details, please Visit website : https://www.mstcecommerce.com/eprochome/nmdc/
: https://nmdcportals.nmdc.co.in/nmdctender

Contact details : 08003158337, E-mail:- yogeshtak@nmdc.co.in
08853563539, Email:- srivastavansul@nmdc.co.in

The interested bidder can visit the above portal and submit the offer within the due date as mentioned above. Any corrigendum/addendum will be issued on MSTC/NMDC portal only. Hence, It will be the responsibility of bidders to visit MSTC & NMDC from time to note the corrigendum, If any.

स्वावलंबी भारत अभियान के तहत उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित

कचना धुरुवा कालेज में विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 27 सितम्बर। नगर के निजी कचना धुरवा महाविद्यालय मे स्वावलंबी भारत अभियान के तहत छत्तीसगढ़ उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन गत शुक्रवार को आयोजित किया गया।प्राचार्य डॉ डी के साहू के अध्यक्षता मे आयोजित इस कार्यक्रम मे स्वावलंबी भारत अभियान छत्तीसगढ़ के प्रांत समन्वयक एवं चेंबर आफ कॉमर्स के स्टेट सेक्रेटरी भ्राता जगदीश पटेल, सुमन मुथा संयोजक स्वसहायता समूह रायपुर, अभियान के संयोजक वेदराम नंदे, पार्षद हरीश यादव, समाज सेवी शीतल ध्रुव, योगा प्रशिक्षक पोखन ठाकुर, यशवंत सोरी, पत्रकार किशन सिन्हा के आतिथ्य मे मां शारदे, माँ भारती एवं स्वामी विवेकानंद की छायाचित्र पर दीप प्रवलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया।

आतिथ्य स्वागत पश्चात संयोजक वेद राम नंदे ने जानकारी प्रदान किया गया।वही सुमन मुथा ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए

कहा कि पढ़ाई करने के पश्चात सभी को नौकरी मिले ऐसा संभव नहीं है हम सबको स्वरोजगार के लिए काम करना होगा, आत्मनिर्भर बनना पड़ेगा तभी हमारा समाज और राष्ट्र आगे बढ़ेगा। मुख्य वक्ता के रूप में जगदीश पटेल ने राष्ट्र की 3000वर्ष पहले की तस्वीर के बारे में जानकारी दिया कि हमारा देश पहले गौआधारित था जैविक कृषि करते थे भारत देश की संस्कृति वैभवशाली समृद्धिशाली रहा है लेकिन आजादी के पहले आक्रांतों ने आक्रमण कर इस राष्ट्र में राज किया था जिसका प्रभाव इस देश को पड़ा है जिसके कारण हमारे देश संस्कृति सभ्यता में परिवर्तन देखने को मिला है उन्होने कहा कि हमें स्वस्थ भारत, स्वच्छ भारत, समृद्ध भारत की संकल्पना को पूर्ण करना पड़ेगा जिसके लिये आप युवाओं को स्वावलंबी बनकर विकसित भारत के निर्माण मे अहम भूमिका निभा है।उन्होने छात्र छात्राओं को कृषि, उद्योग, सहित विभिन्न क्षेत्रो मे आगे बढ़ने हेतू टिप्स दिये।साथ ही छुरा अंचल में इस कचना धुरुवा महाविद्यालय मे अध्ययन किये पुर्व छात्र छात्राए जो विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट कार्य कर समाज एवं राष्ट्र विकाश मे अपनी विशेष भूमिका निभा रही है स्वावलंबी भारत छत्तीसगढ़ अभियान द्वारा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है। समाजिक, राजनीतिक, साहित्य, खेल शिक्षा, व्यापार, पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान देने के लिए भूतपूर्व छात्र रह चुके कचना धुरवा महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्र यशवंत सोरी को सामाजिक एवं राजनैतिक, सरपंच व सरपंच संघ अध्यक्ष पूर्व जिला महासचिव आदिवासी विकास परिषद व सर्व आदिवासी सहा प्राध्यापक विनोद यादव को शिक्षा, एवं साहित्य, नगर पंचायत छुरा के पार्षद हरिश यादव को सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के लिए, पोखन ठाकुर को योगा एवं किशन सिन्हा को पत्रकारिता के क्षेत्र में और इस मौके पर विशेष आमंत्रित शीतल ध्रुव को समाज, शिक्षा, साहित्य एवं पर्यावरण, जैसे क्षेत्रो मे प्रोत्साहन हेतु विशेष सम्मानित किया गया। व ही सुमन मुथा जो संयोजक स्व सहायता समूह जिन्होंने 15000 हजार महिला शक्ति को जोड़कर स्वरोजगार उपल्ब्ध कराये युवा शक्ती के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बने। महाविद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

निविदा सूचना

क्र./वाहन/न.नि./2024/252/170 भिलाई, दिनांक 26/9/2024

आयुक्त, नगर पालिक, निगम, भिलाई की ओर से निर्मात्री संस्थान/अधिकृत संधारणकर्ता/स्थानीय संधारकर्ता से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन नियत तिथि को सायं 5.30 बजे तक इस कार्यालय में आवेदन के साथ निर्धारित राशि नगद जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

1. निविदा जारी करने की तिथि - दिनांक 26/09/2024
2. आवेदन की अंतिम तिथि - दिनांक 17/10/2024 सायं 5.30 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि - दिनांक 22/10/2024 सायं 5.30 बजे तक
4. निविदा खोले जाने की तिथि - दिनांक 23/10/2024

क्र.	कार्य का नाम	निविदा लागत (रूपये में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि	फार्म
1	वाहन क्र. CG07/MB/5219 (इंडिगो) का संधारण कार्य।	1,28,500.00	2,000.00	300.00	15 दिन	फार्म-बी

नियम एवं शर्तें:- (1) सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। (2) निविदा स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक से वाहन शाखा, भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास कोसा नगर, भिलाई 490020 में स्वीकार किये जावेंगे। (3) धरोहर राशि एफ.डी.आर. के रूप में कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई एवं सबंधित एजेंसी/संधारणकर्ता के नाम से किसी शासकीय बैंक से जारी/जमा करना होगा तथा जी.एस.टी. प्रमाण पत्र एवं पेनकार्ड की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति लिफाफा 'क' में प्रस्तुत करना है एवं निविदा प्रपत्र दर सहित लिफाफा 'ख' में प्रस्तुत करना होगा। (4) सम्पूर्ण निविदा अथवा किसी अंश को स्वीकृत करने अथवा न करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित रहेगा। (5) समस्त कर सहित दरें प्रस्तुत करना होगा। (6) यदि निगम द्वारा निर्धारित निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि निविदा खोलने की तिथि को किसी अपरिहार्य कारणवश अवकाश घोषित होता है तो ऐसी स्थिति में अंतिम/तिथि खोलने की तिथि आगामी कार्य दिवस को माना जावेगा। (7) न्यूनतम दरें आयटम दर में स्वीकार की जावेंगी। (8) वाहन का संधारण वाहन शाखा के वर्कशाप में वाहन शाखा के कर्मचारी के समक्ष करना होगा। वाहन को अन्यत्र स्थान पर संधारित करना मना है। (9) निविदा में उल्लेखित सामान प्रकृति के वाहनों का संधारण शासकीय संस्थान/निगम/मंडल का अनुभव आवश्यक है। (कार्यादेश की छायाप्रति संलग्न करें)। (10) निविदा प्रक्रिया के दौरान यदि ऐसा कोई तथ्य उत्पन्न होता है, जिसका संबंध संबंधित कार्य से है तो इसका निराकरण का अधिकार आयुक्त/कार्यपालन अभियंता (वाहन) का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा, जिसमें किसी भी प्रकार का दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगा। (11) अन्य नियम शर्तों एवं मापदण्ड की जानकारी कार्यपालन अभियंता (वाहन) के कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.com एवं चिप्स की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता

एक नजर

योग, प्राकृतिक चिकित्सा व आहार विज्ञान पर चर्चा 28 को

रायपुर, 27 सितम्बर। सर्व समाज समन्वय महासभा द्वारा योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं आहार विज्ञान को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल करने हेतु 28 सितम्बर को सर्वमहासभा का आयोजन किया जा रहा है। वृंदावन हॉल सिविल लाईन में सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. उदयभान सिंह चौहान होंगे। अध्यक्षता डॉ. संजीव कर्मकार वशिष्ठ करेंगे। आयोजन मंडल में डॉ. सत्यजीत साहू संस्थापक दोस्त एंड प्योर संस्थान, छगन लाल सोनवानी, अनिल चंद्राकर, देवनारायण सिन्हा, हितेश तिवारी, प्रियंका उपाध्याय, सुनील शर्मा, डॉ. संगीता कौशिक, स्वाती देवांगन, सूरज दुबे, संतोष ठाकुर शामिल हैं।

खारुन नदी में डूबा छात्र, तलाश जारी

रायपुर, 27 सितम्बर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक दुखद घटना सामने आई है। मुजगहन थाना क्षेत्र के बोरियाखुर्द का रहने वाला 9वीं कक्षा का छात्र राजकुमार वर्मा खारुन नदी में नहाते समय डूब गया है। घटना के समय राजकुमार अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था। अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत एसडीआरएफ को सूचित किया। एसडीआरएफकी टीम मौके पर पहुंची और छात्र की तलाश शुरू कर दी है। एसडीआरएफकी टीम लगातार छात्र की तलाश में जुटी हुई है। गोताखोरों की मदद से नदी में खोजबीन की जा रही है। हालांकि, अभी तक छात्र का कोई सुराग नहीं मिला है।

धान खरीदी पर फैसला लेने मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक 30 को

रायपुर, 27 सितम्बर। धान खरीदी का दौर छत्तीसगढ़ में शुरू होने वाला है. हर साल नवंबर महीने से धान खरीदी की शुरुआत प्रदेश में होती है. इस बार धान तिहार की शुरुआत कब से होगी इसको लेकर मंत्रि मंडलीय उप समिति की बैठक 30 सितंबर को बुलाई गई है. इस मीटिंग में धान खरीदी की कार्ययोजना को लेकर भी चर्चा होगी. प्रदेश में कितने धान खरीदी केंद्र बनाए जाएंगे और धान के तौल से लेकर उठाव तक के फैसलों पर मुहर लगेगी. धान खरीदी और कस्टम मिलिंग नीति की होगी समीक्षाः धान खरीदी औक कस्टम मिलिंग के लिए मंत्रि मंडलीय उप समिति की बैठक 30 सितंबर को मंत्रालय के महानदी भवन में होगी. दोपहर 12 बजे से यह मीटिंग शुरू होगी. इसमें आगामी खरीफविपणन वर्ष की धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग की नीति पर चर्चा होगी. इस मीटिंग की अध्यक्षता खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल करेंगे. धान खरीदी से जुड़ी बैठक में कौन होगा शामिल ?: धान खरीदी से जुड़ी मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और मंत्री टंक राम वर्मा शामिल होंगे. 2023-24 में कब शुरू हुई थी धान खरीदी ? : खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत एक नवंबर 2023 से हुई थी. इस वर्ष धान खरीदी का लक्ष्य 130 लाख मीट्रिक टन रखा गया था. कुल 26.86 लाख किसानों ने धान तिहार को लेकर रजिस्ट्रेशन कराया था. जिसमें कुल पंजीकृत रकबा 33.22 लाख हेक्टेयर था. कुल 2.59 लाख नए किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया था. इसमें टोकन तुंहर हाथ एप के जरिए भी टोकन जारी किए गए थे.

रोटरी क्लब ने मनाया स्थापना दिवस

रायपुर, 27 सितम्बर। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर के 69 वें स्थापना दिवस समारोह की मुख्य आसंदी से बोलते हुए डी एन अमित जायसवाल ने कहा कि संगठन को मजबूत करने और उसके विकास के लिए आवश्यक है कि नई युवा पीढ़ी को ना सिर्फसंगठन से जोड़ें बल्कि उनकी सोच और विचारधाराओं का भी सम्मान करें। उन्हें भविष्य के नेतृत्व करता के रूप मे मार्गदर्शन प्रदान करें, उनको संगठन में नई जिम्मेदारियां बांटी जाए। समय के साथ हमें भी बदलते परिवेश में स्वयं को बदलना व नई सोच को स्वीकार करना आवश्यक है पुरानी हो चुकी अनावश्यक परंपराओं का त्याग करके ही हम नए सद्स्यों के साथ अपने क्लब को प्रगति की ओर ले जा सकते हैं। क्लब के पी डी सुभाष साहू ने क्लब के 68 वर्षों के लंबे सफर में आए विशिष्ठ पड़ावों का उल्लेख करते हुए कहा कि पोलियो अभियान हो या डॉ दीक्षित के एक मुस्कान चेहरे का कार्यक्रम जिसमें बालक बालिकाओं के कटे फटे होटों की सर्जरी ने कइयों के चेहरों पर मुस्कान लाई ।

कंपनी की पार्किंग से बाइक पार

रायपुर, 27 सितम्बर। वंदना ग्लोबल कंपनी के पार्किंग से अज्ञात चोर ने बाइक पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शिवांग पांडेय 27 वर्ष नयातालाब के पास गुढ़ियारी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमई 5903 को सिलतरा स्थित वंदना ग्लोबल कंपनी के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अधिकारी-कर्मचारियों हड़ताल, कामकाज ठप

शैक्षणिक संस्थानों पर भी पड़ा असर, राजस्व विभाग ने बढ़ाई पेशी की तिथियां

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 27 सितम्बर। छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर आज चार सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। इसका प्रभाव शैक्षणिक संस्थाओं पर भी पड़ा। कर्मचारी फेडरेशन संघ के अध्यक्ष कमल वर्मा ने बताया कि डीए के एरियर्स को जीपीएफ में समायोजित करने का वादा सरकार द्वारा किया गया था लेकिन सरकार की वादाखिलाफी के विरुद्ध कर्मचारी-अधिकारी हड़ताल पर हैं। इसके अलावा हमारी चार सूत्रीय मांगे हैं।

फेडरेशन को शिक्षक-व्याख्याता संघ, जनसंपर्क तथा अन्य विभागों का समर्थन प्राप्त है। आज राजधानी सहित पूरे प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में हड़ताल का असर दिखाई दिया। इसके कारण अध्यापन कार्य नहीं हो पाया। रायपुर कलेक्ट्रेट के अधिकारियों ने बताया कि चपरासी से लेकर लिपिक एवं ड्राइवरों के नहीं आने के कारण कई शाखाएं नहीं खुल पाई है। निर्वाचन शाखा में नगरीय निकायों एवं पंचायत चुनाव के लिए बनाई जा रही मतदाता सूची के कार्य पर भी इसका असर पड़ा है। तहसील कार्यालय में नामांकन, बटांकन सहित अन्य कार्य नहीं होने से पक्षकार लौट गए। एसडीएम कार्यालय में भी पेशी की तिथियां बढ़ा दी गईं हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग परेशान रहे।

कर्मचारियों ने किया मंत्रालय के सामने प्रदर्शन

जनसंपर्क के बालमुकुंद तंबोली ने बताया कि अधिकारियों व कर्मचारियों ने आज मंत्रालय व संचालनालय के सामने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया है। कर्मचारियों ने इस अवसर पर एकजुटता का परिचय भी दिया। ज्ञात रहे कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर चरणबद्ध ढंग से धरना एवं प्रदर्शन किया था। मशाल रैली भी निकाली थी। विधायकों के अलावा मंत्रियों को भी अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा था।

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए 30 सितम्बर को प्रशिक्षण

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 27 सितम्बर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आगामी माह प्रस्तावित रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकरी एवं मतदान में संलग्न कर्मचारियों को 30 सितम्बर को प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है।

राज्य शासन के स्थानीय निर्वाचन शाखा के प्रभारी बांधे के अनुसार बृजमोहन अग्रवाल के विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद रायपुर दक्षिण विधानसभा का चुनाव होना तय है। यह चुनाव 6 महीने के अंदर कराया जाएगा। अभी तक उपचुनाव की तिथि घोषित नहीं की गई है। भारत निर्वाचन आयोग इसकी तिथि घोषित करेगा। लेकिन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा उपचुनाव की सभी तैयारियां तेज कर दी गई है जिसके तहत निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारियों के अलावा अन्य लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोग ने फोटोयुक्त मतदाता सूची ईवीएम सहित अन्य तैयारियों को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। रायपुर दक्षिण में 250 से अधिक मतदान केंद्र हैं। इन मतदान केंद्रों की सीमारेखा एवं मतदान केंद्रों के बारे में भी स्थिति स्पष्ट है। चूंकि चुनाव हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं इसलिए आयोग को मतदान के लिए कोई विशेष मेहनत नहीं करनी होगी। उत्तर प्रदेश के 10 तथा अन्य राज्यों के चार से अधिक विधानसभाओं के उपचुनाव कराए जाने हैं। आयोग के अनुसार यह चुनाव कब कराए जाएंगे इसकी तिथि नहीं बताई जा सकती है लेकिन अक्टूबर माह के अंत में उपचुनाव की घोषणा करवानी होगी।

- आरओ, एआरओ सहित अन्य अधिकारियों को सिखाई जाएगी मतदान की बारीकियां
- आयोग ने फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र सहित अनेक तैयारियों पर दिया जोर

दावेदारों की सक्रियता बढ़ी

राजधानी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से रायपुर दक्षिण के उपचुनाव लड़ने वाले कई दावेदार मिले। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद श्रीकृष्ण गोपाल व्यास के परिवार के सदस्य को भी टिकिट देने की चर्चा चल रही है। इधर भाजपा ने दक्षिण उपचुनाव के लिए पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा को प्रेक्षक बनाया है। वे सिविल लाईन, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, टिकरापारा मंडल की बैठक भाजपा के तत्पर कार्यालय में ले रहे हैं। भाजपा के पास सैकड़ों दावेदार हैं। शिवरतन शर्मा के अनुसार चुनाव की तिथि घोषित होते ही प्रत्याशी तय कर लिया जाएगा। कमल छाप ही हमारा असली प्रत्याशी है। इधर कांग्रेस ने भी वरिष्ठ पार्षदों को अलग-अलग वार्ड का प्रभार सौंप दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रह चुके दिवंगत सांसद के भतीजे को भी टिकिट दिए जाने की चर्चा है। कांग्रेस ने भी अब अपने दावेदारों को टटोलना शुरू कर दिया है। कांग्रेस के पार्षद भी सक्रिय हो गए हैं।

कपड़ा दुकान से नकदी साढ़े 3 लाख पार

रायपुर, 27 सितम्बर। लाखेनगर स्थित लक्ष्मी कलेक्शन दुकान का कुंदा तोड़कर आात चोर ने गल्ला में रखे नकदी 3 लाख 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रदीप प्रिथवानी 48 वर्ष अवंतिविहार तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी का लाखेनगर में लक्ष्मी कनेक्शन नाम से रेडीमेड कपड़े का दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने छत के रास्ते से दुकान में प्रवेश कर दरवाजे का कुंदा तोड़कर गल्ला में रखे नकदी 3 लाख 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

विश्व पर्यटन दिवस पर मुख्यमंत्री साय ने दी बधाई

रायपुर, 27 सितम्बर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 27 सितम्बर को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री साय ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि पर्यटन के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व पर्यटन दिवस का आयोजन किया जाता है। श्री साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ पर्यटन की संभावनाओं से परिपूर्ण राज्य है। यहां के अनेक स्थल हमारी प्राचीन पौराणिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े हुए हैं। यहां प्राकृतिक सौंदर्य के मनोरम स्थलों के साथ धार्मिक और पौराणिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के कई स्थान हैं। नदियां, झरने, जल प्रपात, सघन वनों से आच्छादित प्राकृतिक पर्यटन स्थल बरबस ही पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। राज्य सरकार इन स्थानों को विकसित कर पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्राचीन दंडकारण्य वन और माता कौशल्या की जन्म-स्थली हमारे गौरव हैं। इंद्रावती नदी पर चित्रकोट जलप्रपात, सिरपुर का प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर और बस्तर का दशहरा पूरे देश में प्रसिद्ध है।

शातिर दोपहिया वाहन चोर गिरफ्तार

रायपुर, 27 सितम्बर। विवरण इस प्रकार है कि दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह द्वारा रायपुर जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर आरोपियों को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में 26 सितम्बर को सूचना प्राप्त हुई कि मंदिरहसौद क्षेत्र में 01 व्यक्ति दोपहिया वाहन की बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक माना लम्बोदर पटेल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी मंदिर हसौद को सूचना की तस्दीक कर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना मंदिर हसौद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति एवं वाहन को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम कैलाश नवरंगे निवासी खरोरा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा कैलाश नवरंगे से वाहन के कागजात के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा गोल-मोल जवाब देकर लगातार टीम को गुमराह करने का प्रयास करते हुए वाहन के संबंध में किसी प्रकार का कोई भी कागजात या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी कैलाश नवरंगे को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा वाहन को चोरी का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा दोपहिया वाहन चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके के द्वारा जिला रायपुर आसपास के जिलों से कुल 15 नग दोपहिया वाहन चोरी करना बताया गया।

अशोक को देखकर नड्डा ने कहा-हमारा बजाज

रायपुर, 27 सितम्बर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के रायपुर आगमन पर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट माना में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका जोशीला स्वागत किया। इस बीच वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष अशोक बजाज ने जब उनका अभिवादन किया तब वे थोड़ी देर रुके तथा उनका हाथ पकड़ कर अभिवादन स्वीकार किया और कुशलक्षेम पूछा। अशोक बजाज को देखकर नड्डा ने उनका हाथ पकड़ा और कहा- हमारा बजाज फिर आगे बढ़ गए।

गौ संरक्षण के प्रति संजीदा हो सिस्टम : शास्त्री

रायपुर, 27 सितम्बर। राजधानी में महाराज अनिकेत कृष्ण शास्त्री ने मीडिया से रूबरू होते हुए सिस्टम पर कड़ा प्रहार किया। गौ हत्या की नियमित बढ़ोतरी पर हुंकार लगाते हुए महाराज ने कहा आजादी के समय देश में 78 करोड़ गौ की संख्या थी और देश की कुल संख्या 30 करोड़ थी लेकिन देश का दुर्भाग्य है कि अब देश की संख्या जहां 150 करोड़ हो चुकी है लेकिन गायों की संख्या 19 करोड़ बची हुई है।

उन्होंने आगे कहा अब तक की जितनी भी सरकारें देश की सत्ता पर काबिज़ हुई सभी ने बढ़ती गौ हत्या के प्रति अपनी संवदेना को दरकिनार किया। आज गौ सेवकों की जान खतरे में है, वो सुरक्षित नहीं है, भय के माहौल में है। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है ? जब पत्रकार साथी ने

सवाल पूछा की महाराज तिरुपति बालाजी मंदिर में बनने वाले लड्डू के लिए जो घी का निर्माण होता उसमें गाय की चर्बी मिली इसपर आप क्या कहेंगे? महाराज ने साफ कहा जो भी आरोपी है उनको तत्काल दंडित करना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि, हम गौ हत्या के खिलाफ आवाज़ उठाने के साथ-साथ ही आदरणीय प्रधानमंत्री से इस संदर्भ में पत्राचार किया है और वहां से मुहर लग के हमको ये आश्वासन मिला है की जल्द प्रधानमंत्री से आपकी वार्ता कराई जाएगी।

कर्म और धर्म की प्रधानता के प्रश्न में उन्होंने कहा कि धर्म और कर्म में प्रधान धर्म है आप बिना धर्म के जो भी कर्म करेंगें वो सफल नहीं होगा। देश में बढ़ते पाखडिंयों बाबाओं पर भी चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा हमारे यहां तो महज 11 लौंग से लोगों की समस्या को दूर किया जाता है। मैं कोई पैसा नहीं लेता। आप आएं हमारे यहां आपकी जो भी समस्या है उसका उचित निवारण किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा हमारा यही प्रयास है कि देश में गायों की हत्या बंद हो। इसके लिए हम देश के कोने कोने जाके लोगों को संकल्पित करेंगे कि गौहत्या पर लगाम लगाने वाली सरकारों को चुनो। अगर सरकार भी गौ हत्या पर रोक नहीं लगाती तो इस सरकार का भी सत्ता से हटना तय है।

कैंसर उपचार को उन्नत बनाने वैश्विक कॉन्क्लेव

रायपुर, 27 सितंबर। भारत के अग्रणी कैंसर देखभाल सुविधाओं में से एक बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) में वार्षिक छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश भर के कैंसर विशेषज्ञों के लिए एक लाइव सर्जिकल प्रदर्शन किया गया। मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल के प्रमुख कैंसर विशेषज्ञों के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जटिल कैंसर सर्जरी के लिए कैंसर की उन्नत तकनीक ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) के उपयोग पर प्रकाश डाला गया। कॉन्क्लेव में 120 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया जिससे अत्याधुनिक ऑन्कोलॉजी क्षेत्र में विचार साझा करने के लिए एक मंच तैयार हुआ।

सम्मेलन में विशेषज्ञों ने माइक्रोसॉफ्ट होलोलेंस 2 ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) हेडसेट का उपयोग करके पैनक्रिएटिक एंड गैस्ट्रिक कैंसर के उन्नत तकनीक का प्रयोग करते हुए लाइव सर्जरी की। यह तकनीक पारंपरिक 2डी इमेजिंग जैसे कि सीटी और एमआरआई स्कैन को इंटरेक्टिव 3डी होलोग्राम में परिवर्तित करती है जो कैंसर सर्जरी में 3डी ऑपरेटिव प्लानिंग प्रदान करती है। यह ट्यूमर और आसपास की शारीरिक रचना के बारे में सर्जन की समझ को भी बढ़ाता है जिससे उन्हें ट्यूमर की विशेषताओं और वैस्कुलर वेरिएशन का बेहतर मूल्यांकन करने में मदद मिलती है। विशेषज्ञों ने प्रीऑपरेटिव प्लानिंग और सर्जिकल सटीकता को बेहतर बनाने में इसके महत्व पर जोर दिया जो कैंसर की देखभाल में एक आवश्यक भूमिका निभाते हैं।

सेवानिवृत्त अधिकारी संगठन ने किया हिंदी पखवाड़ा का आयोजन

रायपुर, 27 सितम्बर। गायत्री मंदिर परिसर समता कॉलोनी में समता चौबे कॉलोनी रिटायर्ड अधिकारी संगठन द्वारा 14 सितंबर हिंदी दिवस के उपलक्ष में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गायत्री मंदिर के मुख्य ट्रस्टी आरडीए रायपुर के पूर्व अध्यक्ष श्याम बैस थे। अध्यक्षता दुर्गेश मिश्रा रिटायर्ड आईएएस ने की। विशिष्ट अतिथि पीएन तिवारी रिटायर्ड आईपीएस, डॉ अंजनी कुमार शुक्ला पूर्व विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष एवं विशिष्ट साहित्यिक अतिथि कवि संजीव ठाकुर थे। श्याम बैस ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा हिंदी राष्ट्रीय समरसता तथा एक जुटता की सर्वमान्य भाषा है। दुर्गेश मिश्रा ने कहा हिंदी को जल्द से जल्द राष्ट्रभाषा का दर्जा

दिया जाना अत्यंत आवश्यक है, कवि संजीव ठाकुर ने कहा की हिंदी तेजी से वैश्विक भाषा बनने की ओर अग्रसर हो रही है और हिंदी का विस्तार विदेश में निवासरत भारतीय समुदाय द्वारा बोले जाने तथा इसका व्यावसायिक उपयोग किए जाने के फल स्वरुप हिंदी अति शीघ्र संयुक्त राष्ट्र संघ की सातवीं अधिकारी भाषा बनने की हकदार भी हो गई है। उन्होंने कहा कि वैश्विक देश हिंदी को तेजी से अपना कर इसे इंटरनेट की भाषा का दर्जा भी देकर व्यवसायिक माध्यम बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हिंदी पूरे विश्व में दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा है हिंदी का भविष्य अत्यंत उज्जवल है। उन्होंने हिंदी पर रचित अपनी कविता

हिंदी देश की गंगा-जमुनाई स्वाभिमान है। कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजनी कुमार शुक्ला एवं संयोजन अशोक तिवारी पूर्व संयुक्त कलेक्टर एवं राजेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व मत्स्य अधिकारी द्वारा किया गया। पी एन तिवारी ने अपने अमेरिका प्रवास के अनुभव भी सुनाएं, संजय शर्मा ने भी अपने विदेश भ्रमण का यात्रा वृतांत सुनाया। इस अवसर पर चंद्रकांत पांडे, डॉक्टर दिनेश चंद तिवारी, डॉक्टर अखिलेश त्रिपाठी, एफसीआई के पूर्व अधिकारी योगेंद्र श्रीवास्तव एवं अन्य रिटायर्ड अधिकारी तथा समता चौबे कॉलोनी के निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सरेआम शराब पीते आधा दर्जन गिरफ्तार

रायपुर, 27 सितम्बर। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने महावीर नगर चर्च के पास सरेआम शराब पीते आरोपी आशुतोष चतुर्वेदी 24 वर्ष, डीडीनगर पुलिस ने आरोपी मारा सिंह मरावी 42 वर्ष, आरंग पुलिस ने आरोपी मनोज जोशी 36 वर्ष, मंदिरहसौद पुलिजस ने आरोपी जनक कुर्रे 55 वर्ष एवं खरोरा पुलिस ने आरोपी कांति देवांगन 35 वर्ष व विदेशी देवांगन 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अवैध गांजा के साथ 4 गिरफ्तार

रायपुर, 27 सितम्बर। गंज थाना पुलिस ने एक्सप्रेस वे रोड चुनाभट्टी के पास महिला सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 7 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सूचना पर एक्सप्रेस वे रोड चुनाभट्टी के पास कुछ लोग गांजा खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी देवराज नाइक 30 वर्ष, राजेश नाइक, नानु तांडी व महिला उषा वर्मा को गिरफ्तार किया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26